समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, वर्ष 22, अंक 197 पृष्ठ 16 मूल्य : 3.00 1

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 15 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग

परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



## 15 अगस्त पावन पर्व पर सच्ची राजनीति स्वीकार करें।

**पृथ्वी क्षेत्र को शान्ति क्षेत्र में रूपान्तरित करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी मनुष्यों की शिक्षा का अनिवार्य विषय सत्य की खोज होना चाहिए।**

आज की आवश्यकता है कि राजनीति और राजनीतिज्ञ शब्द में छिपे हुए सद्विचार और सच्ची भावना को अनुभव करें। क्रियायोग ध्यान सत्य अन्वेषण का सरलतम वैज्ञानिक अनुसन्धान है। क्रियायोग अभ्यास से पता चलता है कि राजनीति के सच्चे स्वरूप को जानकर उसको अपनाने पर मानव जगत की ही नहीं बल्कि जन्तु–जगत, वनस्पति–जगत तथा अणु–परमाणु जगत की सारी समस्याएँ दूर हो जाती हैं। राजयोग की नीति को रा. जनीति कहते हैं। राजयोग की नीति– शौंच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर की अनवरत अनुभूति है जिसे क्रियायोग अभ्यास के द्वारा सहजता से प्राप्त कर लेते हैं। राजनीति तत्व अनुभव होते ही मनुष्य का स्वरूप दर्शन होता है।


मनुष्य का अनुपम स्वरूप उल्टे वृक्ष की तरह है जिसे भगवान श्रीकृष्ण ने अश्वत्थः कहा है। मनुष्य स्वरूप में जड़ सिर (हेड और ब्रेन) ऊपर, मुख्य तना (स्पाइन–स्पाइनल कार्ड) व शाखाएँ नीचे की तरफ हैं। इस अनुपम अश्वत्थः वृक्ष में निरन्तर सृजन, सुरक्षा और परिवर्तन के कार्य घटित होते रहते हैं। राजनीति के अस्तित्व को स्वरूप में प्रज्जवलित करने के लिए कैवल्य अवस्था की प्राप्ति आवश्यक है। **कैवल्य अवस्था में मनुष्य ब्रह्माण्ड की सभी रचनाओं से सम्यक् रूप से जुड़ जाता है।**






बिना इस ज्ञान के कोई भी मनुष्य सच्चा राजनीतिज्ञ नहीं हो सकता है। इस अवस्था में अनुभव होता है कि सभी रचनाएँ दूसरे पर सम्यक् तरीके से निर्भर हैं।

स्वतंत्रता का अर्थ है कि ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण रचनाओं की अनुभूति अपने तंत्र में करना। ''तंत्र'' शब्द तीन अक्षरों से बना है – त, ॱ और त्र। त का सम्बोधन पूर्ण स्थिर स्वरूप से है। त के ऊपर बिन्दी का अभिप्राय है इस अवस्था की निरन्तरता। त्र का अभिप्राय है सृजन, सुरक्षा और परिवर्तन के क्रियाकलाप। अपने स्वरूप में सृजन ब्रह्मा का कार्य, सुरक्षा विष्णु का कार्य तथा परिवर्तन शिव का कार्य है जिससे संबंधित क्रियाकलाप निरन्तर होता रहता है। इसलिए स्वतंत्रता का अभिप्राय सृजन, सुरक्षा, परिवर्तन की क्रियाओं में सदैव लीन रहना। यह सब पढ़ने सुनने में कठिन लगता है लेकिन जो पूरे भक्ति से क्रियायोग ध्यान करता है उसके लिए यह अत्यन्त सरल है।



परमात्मा की वेदी

सामान्य रूप में देखा गया है कि सम्पूर्ण स्वतंत्रता की प्राप्ति होने में लगभग 10 लाख वर्ष व्याधिरहित जीवन की आवश्यकता पड़ती है। योगावातार श्री लाहिड़ी महाशय, ज्ञानावतार स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरी, श्री परमहंस योगानन्द जी ने यह सिद्ध किया है कि 50 मिनट भक्तिपूर्वक क्रियायोग की साधना करने पर मनुष्य को 30–35 वर्षों में पूर्ण स्वतंत्रता की प्राप्ति हो जाती है।





## वर्तमान समय आरोह द्वापर का 323 वां वर्ष है। कलियुग 1600 ई0 में बीत गया है।

# मानव जीवन का लक्ष्य कैवल्य अवस्था की प्राप्ति

मानव जीवन का लक्ष्य कैवल्य अवस्था की प्राप्ति है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मता की अनुभूति को कैवल्य अवस्था कहा गया है। जब यह स्पष्ट ज्ञान प्राप्त हो जाता है कि ब्रह्माण्ड की समस्त रचनाएँ - आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, वनस्पतियाँ, जीव-जन्तु, मानव तथा देवी-देवता हमारे ही आत्म स्वरूप की अभिव्यक्ति है, ऐसी अवस्था में कैवल्य अवस्था की प्राप्ति हो जाती है। कैवल्य अवस्था स्वरूप में स्थित होने की अवस्था है जिसे दूसरे शब्दों में आत्मानुभूति, परमात्मानुभूति, आत्मज्ञान, परमात्मज्ञान, अमरत्व की अनुभूति, माया से मुक्ति, अद्वैत अनुभूति आदि अनेक रूपों में ऋषियों-मनीषियों, साधकों व संतों ने व्यक्त किया है। कैवल्य अवस्था की प्राप्ति पूर्ण मुक्ति की अवस्था है जिसमें स्पष्ट अनुभव हो जाता है कि एकमात्र परब्रह्म का अस्तित्व है। वह समस्त स्वरूप, गुण, धर्म तथा लौकिक, पारलौकिक रूपों में अभिव्यक्त हैं। कैवल्य अवस्था में स्थित होने पर साधक, साध्य और साधन तथा क्रिया, कर्ता और कर्म का विभेद समाप्त हो जाता है। केवल एक सत्य परिभाषित होता है जिसे ऋषियों ने अहम् ब्रह्मास्मि कहा है। अहम ब्रह्मास्मि का अभिप्राय है अहम अर्थात हम, मैं, ब्रह्म स्वरूप हैं। दूसरे शब्दों में हमारे और परब्रह्म के बीच दूरी शून्य है। मनुष्य का आत्मस्वरूप और परमात्म तत्व दोंनों एक हैं। आत्मा और परमात्मा के बीच दूरी शून्य है। आत्मा जब अपनी सर्वव्यापकता को विस्मृत कर स्वयं को सीमित नश्वर स्वरूप में अनुभव करती है, तो इस भ्रामक मायावी अनुभूति को जीव भाव कहा गया है। जब मनुष्य यह अनुभव करता है कि वह शरीर के रूप में सीमित हैं, उसका सीमित रूप, रंग, आकार-प्रकार है, उसकी यह जाति है, देश है, धर्म है, इस प्रकार असीम अनन्त सर्वव्यापी सर्वज्ञ आत्मस्वरूप को सीमित रूप में अनुभव करना, जीव भाव है। इसी को अविद्या कहा गया है जो समस्त कष्टों का मूलभूत कारण है। जीवभाव से मुक्त होकर आत्मभाव में प्रतिष्ठित होना कैवल्य अवस्था की प्राप्ति करना है। इस उच्चावस्था को प्राप्त करने के लिए ऋषियों ने अनुसंधान के द्वारा यह आविष्कृत किया कि स्वरूप ज्ञान होने पर परमात्म ज्ञान स्वतः प्राप्त हो जाता है। स्वरूप में स्थित आत्मा, परमात्मा का स्वरूप है। आत्मा हम सभी के अंदर परमात्मा की अभिव्यक्ति है। दूसरे शब्दों में आत्मा परमात्मा का प्रकाश है। इसलिए आत्मा का ज्ञान होने पर परमात्मा का ज्ञान स्वतः प्राप्त हो जाता है। दूसरे शब्दों में आत्मानुभूति ही परमात्मानुभूति है। पैगम्बर अब्राहिम ने स्पष्ट किया है कि स्वरूप अस्तित्व की अनुभूति ही सब कुछ है। स्वरूप दर्शन के स्थान पर किसी अन्य देवी-देवता के दर्शन की कोई कामना न करें। स्वरूप दर्शन से ही परमात्म दर्शन होता है। उक्त कथन का प्रायः गलत अर्थ इस प्रकार लगाया जाता है कि पैगम्बर अब्राहिम ने यह कहा है कि केवल मैं ही प्रभु हूँ। मेरे अतिरिक्त अन्य किसी की पूजा न करिए। यह अर्थ सही नहीं है। पैगम्बर अब्राहिम के द्वारा व्यक्त शब्द मेरे का अभिप्राय मैं अर्थात स्वरूप से है जिसे आत्मा कहा गया है। समस्त देवी-देवता, शक्ति, ज्ञान, शान्ति, जीवन सब कुछ स्वरूप के रूप में प्रकट हो रहा है। स्वरूप परब्रह्म का साकार रूप है जिसमें ब्रह्म का सर्वव्यापी प्रकाश विद्यमान है। इस प्रकार पैगम्बर अब्राहिम इस सत्य को स्पष्ट कर रहे थे कि आत्मानुभूति ही परमात्मानुभूति का मार्ग है। क्रियायोग आत्मानुभूति का सर्वोच्च मार्ग है जिसका वर्णन सभी आत्मसाक्षात्कारी ऋषियों ने किया है। क्रियायोग के अल्प अभ्यास से साधक परमात्मा से पूर्ण एकता की अनुभूति कर लेता है और यह ज्ञान प्राप्त कर लेता है कि हम, मैं, आप और सम्पूर्ण दृश्य-अदृश्य जगत परमात्मा का स्वरूप है। परब्रह्म सभी रूपों में ठीक उसी प्रकार प्रकाशित हो रहे हैं जिस प्रकार समुद्र अनन्त लहरों के रूप में अभिव्यक्त है। जिस दिन इस सत्य का अनुभव हो जाता है मनुष्य ब्रह्माण्ड की समस्त रचनाओं से अनन्त प्रेम करने की क्षमता प्राप्त कर लेता है। उसके अंदर सार्वभौमिक मैत्री का भाव प्रकाशित हो जाता है। वह शत्रु मित्र सभी के अंदर एक ही परबह्म को प्रत्यक्ष देखता है। ऐसा व्यक्ति पैगम्बर सदृश्य हो जाता है जिसकी उपस्थिति से जनसमाज में परिवर्तन होने लगता है। वह जिस मार्ग पर चलता है वह सदियों के लिए अनुकरणीय हो जाता है। जो बोलता है वह शास्त्र बनकर अनन्त काल के लिए अमर हो जाता है। उसके कर्म इतिहास की रचना करते हैं। ऐसा ही प्रभावशाली व्यक्तित्व महात्मा गॉंधी जी का था जिनके द्वारा अहिंसात्मक क्रान्ति से भारत को आजादी मिली। उन्होंने यह दिखा दिया कि सत्य और अहिंसा के द्वारा किसी भी लक्ष्य को पूर्ण गौरव के साथ प्राप्त किया जा सकता है।

# महात्मा गॉंधी जी के साथ वर्धा में...

## श्री परमहंस योगानन्द जी की आत्मकथा योगी कथामृत का संक्षिप्त प्रसंग -
## श्री परमहंस योगानन्द जी का अग्रलिखित विचार समझने व चिन्तन करने योग्य है -

**ईसा मसीह के बारे में गांधीजी ने लिखा है** : मुझे दृढ़ विश्वास है कि यदि आज वे इस संसार में लोगों के बीच जी रहे होते, तो उन अनेक लोगों के जीवन को अपने आशीर्वाद से धन्य करते, जिन्होंने शायद उनका नाम भी कभी सुना न हो ...। जैसा कि लिखा ही गया हैः वह प्रत्येक मनुष्य नहीं जो मुझे प्रभु, प्रभु कहता है ... परन्तु वह जो मेरे परमपिता की इच्छा का पालन करता है। - मैथ्यू 7:31 बाइबिल स्वयं अपने जीवन के दृष्टान्त से ईसा ने मानवजाति को वह उच्च उद्देश्य और एकमात्र लक्ष्य दिखाया है, जिसे प्राप्त करने का हम सबको प्रयास करना चाहिए। मेरा यह विश्वास है कि वे केवल ईसाइयों के नहीं, बल्कि पूरे संसार के, सब देशों के और सब जातियों के हैं।

वर्धा में हमारे अंतिम दिन की शाम को देसाई द्वारा टाउन हॉल में आयोजित सभा में मैंने व्याख्यान दिया। योग पर व्याख्यान सुनने के लिए आये लगभग 400 लोगों से हॉल खचाखच भर गया, यहाँ तक कि लोगों को खिड़कियों में भी बैठना पड़ा। मैं पहले हिंदी में बोला फिर अंग्रेजी में। हम लोग व्याख्यान समाप्त कर आश्रम में लौट आये और अपने कमरों की तरफ जा रहे थे, तो देखा कि गाँधीजी शान्ति में और अपने पत्र-व्यवहार में मग्न बैठे हैं। सुबह पाँच बजे मैं उठा तो अभी रात का अंधेरा छाया हुआ था। ग्रामीण जीवन में धीरे-धीरे जागृति आ रही थी; सबसे पहले आश्रम के प्रवेश द्वार के सामने से एक बैलगाड़ी गयी, फिर एक किसान सिर पर भारी बोझ संभालते हुए गुजरा। सुबह के नाश्ते के बाद गांधीजी से विदा लेने और उन्हें प्रणाम करने के लिये हम तीनों उनके पास गये। महात्मा जी अपनी प्रातःकालीन प्रार्थना के लिए सुबह 4 बजे ही उठ जाते हैं। महात्माजी, अब हम चलते हैं! मैंने उनके चरणों का स्पर्श किया। आपके हाथ में भारत सुरक्षित है। वर्धा में वह सुखद समय बिताये बरसों बीत गये हैं। जल, स्थल, आकाश में युद्धरत विश्व में अंधकार छा गया है। महान नेताओं में अकेले गांधीजी ने ही सशस्त्र शक्ति के स्थान पर व्यावहारिक अहिंसा का विकल्प प्रस्तुत किया है। शिकायतों और अन्यायों को दूर करने के लिए महात्मा जी ने अहिंसा के उपायों का अवलम्ब किया है और बार-बार उन उपायों ने अपनी प्रभावकारिता सिद्ध की है। गांधी जी अपने सिद्धान्त को इन शब्दों में प्रकट करते हैंः

मैंने देखा है कि विध्वंस और विनाश के बीच भी जीवन चलता रहता है। इसलिए विनाश से भी बड़ा कोई नियम अवश्य है। केवल उसी नियम के अन्तर्गत किसी सुव्यवस्थित समाज का अस्तित्व संभव हो सकता है और जीवन जीने योग्य बन सकता है।

यदि वही जीवन का नियम है, तो हमें दैनिक जीवन में उसका पालन करना चाहिए। जहाँ भी युद्ध हो, जहाँ भी किसी विरोधी से हमारा सामना हो, हमें प्रेम से ही विजय प्राप्त करनी चाहिये। मैंने देखा है कि प्रेम के अचूक नियम ने मेरे जीवन में ऐसे समाधान दिये हैं, जो विनाश के नियम ने भी नहीं दिये। जितने बड़े पैमाने पर इस नियम की कार्यरतता का प्रत्यक्ष उदाहरण देखना संभव हो सकता है, उतने बड़े पैमाने पर हमने यह उदाहरण भारत में प्रत्यक्ष देखा है। मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि भारत के 36 करोड़ लोगों के मन में अहिंसा ने घर बना लिया है, परन्तु मैं यह दावा अवश्य करता हूँ कि अत्यन्त अल्प समय में यह अन्य किसी भी सिद्धान्त की अपेक्षा कहीं अधिक गहराई तक उतर गयी है।

अहिंसा की मानसिक अवस्था प्राप्त करने के लिए काफी कष्टप्रद साधना की आवश्यकता होती है; उसके लिए सैनिक के जीवन की भाँति कठोर अनुशासनबद्ध जीवन की आवश्यकता होती है। इसकी पूर्णावस्था तभी आती है जब मन, शरीर एवं वाणी में पूर्ण समन्वय स्थापित हो जाये। यदि हम सत्य और अहिंसा के नियम को जीवन का नियम बनाने की ठान लें, तो प्रत्येक समस्या अपना समाधान स्वयं प्रस्तुत कर देगी।

विश्व का राजनैतिक घटनाक्रम इस सत्य की ओर कटु संकेत कर रहा है कि आध्यात्मिक दृष्टि के बिना मनुष्य का विनाश सुनिश्चित है। यदि धर्म ने नहीं, तो विज्ञान ने मानवजाति के मन में असुरक्षा और सब भौतिक पदार्थों की निस्सारता की अस्फुट-सी भावना जगा दी है। अब सचमुच, मनुष्य अपने श्रोत और उद्गम, अपने भीतर स्थित परमात्मा के पास न जाएँ, तो और कहाँ जाएँ? इतिहास पर दृष्टि डालें, तो यह कहना पूर्णतः तर्कसंगत होगा कि पाशवी शक्ति के प्रयोग से मनुष्य की समस्याएँ हल नहीं हुई हैं। प्रथम विश्वयुद्ध के भीषण दुष्कर्मों के कर्मफल ने ही द्वितीय विश्वयुद्ध का रूप लिया। वर्तमान रक्तपिपासु दुष्कर्मों के हिमपर्वत को परस्पर बंधुत्व-भाव की उष्णता ही पिघला सकती है, अन्यथा दुष्कर्मों का यह हिमपर्वत तृतीय विश्वयुद्ध को जन्म दे सकता है। बीसवीं सदी की अमंगल त्रयी! विवादों के निबटारे के लिये मनुष्य मानवी विवेक के स्थान पर जंगल न्याय का अवलम्बन करने जायेंगे, तो पृथ्वी पुनः जंगल ही बन जायेगी। जीवन में भाईचारा स्थापित न हो सका, तो भयानक मृत्यु की गोद में भाईचारा होगा। यह ऐसे घृणित परिणाम के लिए नहीं था कि ईश्वर ने मनुष्य को अणुशक्ति का आविष्कार करने दिया था।

युद्ध और अपराध से कभी कोई लाभ नहीं होता। अरबों डॉलर विस्फोटकों का धुआँ बनकर शून्य में मिल गये। इतने पैसे से तो एक नये विश्व का निर्माण हो सकता था - ऐसे विश्व का निर्माण जो रोग-व्यथा से लगभग मुक्त और दारिद्रय से पूर्णतः मुक्त होता। भय, अराजकता, अकाल और महामारी आदि के प्रलयनृत्यों का रंगमंच न रहकर पृथ्वी शान्ति, समृद्धि और वृद्धिगत होते ज्ञान की विस्तीर्ण भूमि बनती।

गांधीजी की अहिंसा की पुकार मनुष्य की अंतरात्मा को छूती है। राष्ट्रों को अब मृत्यु के साथ नहीं, बल्कि जीवन के साथ, विध्वंस के साथ नहीं बल्कि, निर्माण के साथ; घृणा के साथ नहीं, बल्कि प्रेम के रचनाकारी चमत्कारों के साथ अपना संबंध जोड़ना चाहिये।

महाभारत में कहा गया हैः चाहे किसी प्रकार की हानि क्यों न की गयी हो, मनुष्य को क्षमा कर देनी चाहिये। कहा गया है कि मनुष्य की क्षमाशीलता के कारण ही मानवजाति का अस्तित्व निरन्तर बना हुआ है। क्षमा पवित्रता है; क्षमा के कारण ही सृष्टि टिकी हुई है। क्षमा ही शक्तिमानों की शक्ति है; क्षमा ही त्याग है; क्षमा ही मन की शान्ति है। क्षमा और सौम्यता आत्म-संयमी व्यक्यिों के गुण हैं। ये शाश्वत सद्धर्म का प्रतिनिधित्व करते हैं।


अहिंसा, क्षमा और प्रेम का स्वाभाविक परिणाम है। गॉंधी जी कहते हैंः धर्मयुद्ध में प्राणहानि आवश्यक ही हो जाये, तो मनुष्य को ईसा मसीह की तरह स्वयं अपना रक्त बहाने के लिए तैयार होना चाहिये, दूसरों का नहीं। इससे विश्व में रक्तपात तो कम होगा!


किसी दिन भारतीय सत्याग्रहियों पर महाकाव्य लिखे जायेंगे, जिन्होंने घृणा का प्रेम से, हिंसा का अहिंसा से सामना किया; जिन्होंने शस्त्र उठाने की अपेक्षा निर्दयता से कट जाना बेहतर समझा। कुछ ऐतिहासिक प्रसंगों पर तो परिणाम यह हुआ कि दमनकारी अपनी बंदूकें फेंककर भाग गये, क्योंकि दूसरों के जीवन को अपने जीवन से अधिक मूल्यवान मानने वाले मनुष्यों को देखकर उनके मन लज्जा से भर गये, वे अंतर में हिल गये।

**गॉंधी जी कहते हैं** : रक्तपात के द्वारा अपने देश को स्वतन्त्र कराने का प्रयास करने की अपेक्षा आवश्यक हुआ तो मैं सदियों तक स्वतंत्रता की प्रतीक्षा करूँगा। बाइबिल चेतावनी देती हैः ह्यह्यजो तलवार हाथ में लेंगे, वे तलवार से ही कटकर मर जायेंगे। - **मैथ्यू 26:52**

**महात्मा गॉंधी जी ने लिखा है** : मैं अपने को राष्ट्रवादी कहता हूँ, लेकिन मेरा राष्ट्रवाद उतना ही व्यापक है जितना यह विश्व। वह पृथ्वी के सारे राष्ट्रों को अपने घेरे में लेता है। मेरे राष्ट्रवाद में पूरे विश्व का कल्याण समाविष्ट है। मैं नहीं चाहता कि अन्य राष्ट्रों के भस्मावशेषों पर मेरा भारत खड़ा हो। मैं नहीं चाहता कि भारत एक मनुष्य का भी शोषण करे। मैं चाहता हूँ कि भारत शक्तिशाली बने ताकि वह अन्य राष्ट्रों में भी शक्ति का संचार कर सके। आज ऐसा करने वाला एक भी राष्ट्र यूरोप में नहीं है, वे दूसरों को शक्ति नहीं देते।

अमरिका के राष्ट्रपति विल्सन ने अपने चैदह सुन्दर सूत्र तो प्रस्तुत कर दिये, पर बाद में कहाः शान्ति स्थापित करने का हमारा यह प्रयास विफल हो भी जाता है, तो हमारे पास अपने शस्त्र तो हैं ही। मैं इस स्थिति को उलट देना चाहता हूँ और यह कहना चाहता हूँः मारे शस्त्र तो विफल हो ही चुके हैं। अब हमें किसी नये साधन की खोज में रहना चाहिये। हमें प्रेम और ईश्वर की शक्ति को- सत्य को - आजमाना चाहिये। जब वह हमारे पास होगी, तब हमें और किसी चीज की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।





# सच्चे राजनीतिज्ञ के लिए अनिवार्य 11 नियम

मनुष्य जीवन की अति आवश्यक शान्तिप्रदायक मुक्तिप्रदायक शिक्षा है राजनीति विज्ञान। शौंच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधानानि का अभ्यास राजनीति का अभ्यास है। क्रियायोग ध्यान के सम्यक अभ्यास से स्पष्ट होता है कि ब्रह्माण्ड की प्रत्येक रचनाएँ पावन और पवित्र हैं जिसे शौंच शब्द से विभूषित किया गया है।

**शौंच** - श, औ और च के मिलने से बना है। श जीवन की उर्ध्व अवस्था को व्यक्त करता है। अ और उ के दो बार मिलने से औ का सृजन होता है। अ का अभिप्राय सृजन (ब्रह्मा), सुरक्षा (विष्णु), परिवर्तन (शिव) से संबंधित ज्ञान व शक्ति से है। उ का अभिप्राय उत्तरोत्तर ऊपर की ओर। च का अभिप्राय है समुच्चय अस्तित्व जैसे गुरू शिष्य का शाश्वत संबंध। क्रियायोग ध्यान से जब स्वरूप में बहने वाले जीवन तत्व की दिशा उर्ध्वमुखी हो जाती है, ऐसी स्थिति में अनुभव होता है कि स्वरूप ब्रह्मा, विष्णु और शिव के ज्ञान व शक्ति का साकार रूप है। इससे स्पष्ट है कि सच्ची राजनीति अनुभव करने के लिए सद्गुरू के संरक्षण में क्रियायोग अभ्यास आवश्यक है जिससे गुरू शिष्य के बीच शाश्वत संबंध स्थापित हो जाता है और शिष्य में पूर्ण पवित्रता का अभ्युदय होता है। सच्चे राजनीति के लिए इस अवस्था का अभ्युदय आवश्यक है।

**संतोष** - क्रियायोग के सम्यक अभ्यास से कैवल्य अवस्था प्राप्त होते ही मनुष्य सर्वक्लेश से निवृत्त हो जाता है। उसका हृदय अविद्या से मुक्त हो जाता है। वह अपने अस्तित्व के अमरता की अनुभूति करता है तथा यह अनुभव करता है कि उसका स्वरूप ज्ञानमय और आनन्दमय है। इस अवस्था की अनुभूति को संतोष कहते हैं। जो व्यक्ति सच्चे राजनीति का अनुभव करना चाहते हैं उनके लिए संतोष अवस्था की प्राप्ति आवश्यक है।

**तप** - राजनीति का सच्चा ज्ञान तप के अभ्यास से प्रकट होता है। इन्द्रियों ( शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध) के क्षेत्र में समस्त अनुभूतियों को विष्णु की शक्ति के रूप में अनुभव करना, तप है। इसका अनुभव होते ही मनुष्य को ब्रह्माण्ड की सभी रचनाओं की रक्षा करने का ज्ञान हो जाता है।

**स्वाध्याय**- स्वाध्याय का अभिप्राय आत्मतत्व उपदेश के चिन्तन-मनन और आचरण से है। उपदेश में देश शब्द का अभिप्राय राष्ट्र से है। सिर से पैर की ॲंगुली तक इस अस्तितव को राष्ट्र कहते हैं। उपदेश का अर्थ राष्ट्र का निकटतम क्षेत्र। सिर से पैर की ॲंगुली तक निकटतम क्षेत्र आत्मतत्व है। इसका मन बुद्धि से चिन्तन और अभ्यास करना, स्वाध्याय है। अमर गुरू श्री महावतार बाबा जी इस अभ्यास की पूर्णता में हैं। वे जिस शरीर से जन्म लिये थे उसे अभी संरक्षित किये हैं और सदैव अपने स्वरूप को बनाये रखेंगे। इसलिए उन्हें मृत्युंजय अमर गुरू श्री महावतार बाबा कहा गया है। उन्होंने क्रियायोग के ज्ञान को पुनः योगावतार श्री लाहिड़ी महाशय को देकर मानव जाति के लिए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर दिया।

**ईश्वरप्रणिधानानि**- ईश्वरप्रणिधानानि का अभिप्राय है, ईश्वर ही प्राण हैं, जीवन हैं, जिससे जुड़ने पर सर्वव्यापकता की अनुभूति होती है। इसलिए ईश्वरप्रणिधानानि को योग की अवस्था भी कहते हैं। शुद्ध राजनीतिज्ञ के लिए ईश्वरप्रणिधानानि की अनुभूति आवश्यक है।

**अस्पृश्यता** - क्रियायोग अभ्यास से कैवल्य स्थिति प्राप्त होते ही अनुभव होता है कि हमारे और ब्रह्माण्ड के सभी रचनाओं के बीच दूरी शून्य है। ऐसी स्थिति में अस्पृश्यता का भेद-भाव स्वतः मिट जाता है जो सच्चे राजनीतिज्ञ के लिए बहुत आवश्यक है।

**स्वाद इन्द्रिय पर नियंत्रण** - यह आसानी से अनुभव किया जा सकता है कि क्रियायोग ध्यान के अल्प अभ्यास से सभी प्रकार के स्वाद में आवश्यकता के अनुसार रूचि पैदा करने की सामर्थ्य प्रकट हो जाती है। सभी प्रकार के स्वाद की अनुभूति होने पर-राग द्वेष समाप्त हो जाता है। इस स्थिति के प्राप्त होने पर शरीर में बहने वाले प्राण प्रवाह पर मनुष्य स्वेच्छा से नियंत्रण कर लेता है। महात्मा गॉंधी इन्द्रियों पर सहज रूप में नियंत्रण कर सकते थे। यह इस घटना से प्रमाणित है कि जब महात्मा गॉंधी जी का अपेन्डिक्स का आपरेशन हुआ था, वे बेहोशी की दवा लेने से इंकार कर दिये। उन्हें इन्द्रियों से प्राणशक्ति को नियंत्रित करने की अद्भुत क्षमता प्राप्त थी जिससे वे आपरेशन के दौरान प्रफुल्लित मन से अपने अनुयायियों से बात करते रहे। उनके मन पर शान्त मुस्कान यह दिखा रही थी कि उन्हें दर्द का कोई एहसास नहीं था। इस अद्भुत घटना से उनको विश्व में बहुत प्रसिद्धि मिली जो सभी के लिए असहज था।

**निर्भयता**- सच्चे राजनीतिज्ञ को भयरहित होना चाहिए। कैवल्य अवस्था की अनुभूति होने पर ही पूर्ण निर्भयता संभव है। क्रियायोग अभ्यास के द्वारा अल्प समय में मन और बुद्धि की यात्रा कैवल्य स्थिति की ओर अग्रसित हो जाती है। उपरोक्त अनेक विवरणों से स्पष्ट हो गया है कि बिना क्रियायोग अभ्यास से सच्ची राजनीति संभव नहीं है।

**सर्वधर्म सम्भाव** - मनुष्य के लिए सर्वधर्म सम्भाव सप्रेम आवश्यक अनुशासन है। ईश्वर साक्षात्कार प्राप्त किये ऋषियों-मुनियों ने सिद्ध किया है कि क्रियायोग अभ्यास से स्पष्टता के साथ अनुभव होता है कि विभिन्न धर्मों और पंथों द्वारा प्रतिपादित सत्यों में कोई भेद नहीं है। सभी धर्मों में सारभूत एकता है। सामान्य रूप में यह मूलभूत सत्य समझ में नहीं आता है। इसलिए मनुष्य को क्रियायोग का अभ्यास अनिवार्य है।

**स्वदेशी** - स्वदेशी शब्द स्व, देश तथा ई के संयोग से बना है। स्व का अभिप्राय स्वरूप से है। राष्ट्र का अभिप्राय देश से है तथा ई निकटतम का संबोधन है। सिर से पैर की ॲंगुली तक स्वरूप को श्रीमद्भगवद्गीता में राष्ट्र कहा गया है और यही हमारा निकटतम स्वरूप है। इस मानव स्वरूप रूपी राष्ट्र से विश्व के सभी राष्ट्र जुड़े हैं। इस विचार और भावना में स्थित होना स्वदेशी भाव है। विश्व के सभी राष्ट्र और ब्रह्माण्ड की समस्त रचनाएँ शरीर रूपी राष्ट्र का अभिन्न अंग हैं। इस सार्वभौमिक एकता की अनुभूति को स्वेदशी कहा गया है। सच्चे राजनीतिज्ञ को सदैव इस दिव्य भाव से संयुक्त रहना चाहिए तभी वह सबकी सच्ची सेवा करने में सक्षम होगा।

**सत्य व अहिंसा** - क्रियायोग ध्यान से एकता की अनुभूति होने पर स्पष्ट होता है कि सत्य व अहिंसा सभी रचनाओं की आत्मा है। सत्य का अभिप्राय किसी रचना के सनातन स्वरूप से है। अहिंसा का अभिप्राय मृत्यु व कष्ट का पूर्णतया अभाव। सच्चे राजनीतिज्ञ में उपरोक्त 11 गुण पूरी तरह से प्रकाशित होते हैं। ऐसा व्यक्ति ही राष्ट्र में रामराज्य की स्थापना कर सकता है। वे सारे अन्य लोग जिनमें उपरोक्त गुण पूरी तरह से प्रकाशित नहीं हुए हैं, उन सबको अति प्रसन्नता के साथ क्रियायोग अभ्यास में लगे रहना चाहिए। ऐसा करने से वे सच्चे राजनीतिज्ञ को पहचान लेंगे।

महात्मा गॉंधी जी ने उपरोक्त 11 व्रतों के पालन की अनिवार्यता पर विशेष प्रोत्साहन दिया है। उनके विचार के अनुसार सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शारीरिक श्रम, स्वाद इन्द्रिय पर नियंत्रण, निर्भयता, सर्वधर्म समभाव, स्वदेशी, अस्पृश्यता से मुक्ति, इन 11 प्रतिज्ञाओं का विनम्रता से पालन किया जाना चाहिए। - 27 अगस्त 1935







# समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




















































































# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गोष्ठी कार्यक्रम में सम्मलित हुए उपमुख्यमंत्री

अखंड भारत संदेश

**कहा देश के विभाजन के कारणों को जानना, यह हम सभी का उत्तरदायित्व, साथ ही यह संकल्प लें कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, हम अपने देश का विभाजन नहीं होने देंगे**



**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज के मेहता प्रेक्षागृह में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी कार्यक्रम में सम्मलित हुए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि आजादी से पूर्व जिन लोगो ने भारत की स्थिति को देखा या उस पीड़ा को महसूस किया है तथा किताबों में उस स्थिति को पढ़ा है, उसके मन में यह प्रश्न जरूर उठता है कि देश का विज्ञाजन क्यूं हुआ और फिर देश में विभाजन की स्थिति न आयें, इसके लिए देश के सभी लोगो को अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि संकल्प लेना होगा कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो, हम अपने देश का विभाजन नहीं होने देंगे। देश का विभाजन ऐसा घाव है, जो कभी भर नहीं सकता है। देश के विभाजन के कारणों को जानना, यह हमारा उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है। देश की सीमाओं का अतिक्रमण करने का किसी भी देश में साहस नहीं है। हमारी बहादुर सेना के जवान पूरी मुश्तैदी के साथ देश की रखवाली कर रहे है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य करते हुए सभी पात्र लोगो तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। सांसद इलाहाबाद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें आजादी कितनी कठिन परिस्थितियों के बाद मिली है तथा जिन लोगो ने उस समय को झेला है, बेशक यह इतिहास का सबसे दुखद विभाजन है। उन्होंने कहा कि भारत शांतिप्रिय देश है, जो प्रेम एवं सद्भावना से भरा हुआ है। महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने अपने सम्बोधन में कहा कि अब भविष्य में देश का कभी भी विभाजन न हो, इसके लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा तथा इसके लिए निरंतर कार्य करते रहना है।विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि हम सभी को उन परिस्थितियों पर गौर करना चाहिए कि जो विभाजन हुआ था, वह उचित था या नही। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचारों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने अपने सम्बोधन में कहा कि विभाजन के दौर को मेरे परिवार ने स्वयं झेला है। विभाजन के समय कितनी कठिन परिस्थितियां देश के सामने आयी होगी, यह हमारे परिवार के लोगो ने करीब से देखा है। इस अवसर पर विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव, श्रीमती निर्मला पासवान, सुरेन्द्र चैधरी, पूर्व विधायक दीपक पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## चंद्रशेखर आजाद पार्क में बम होने की सूचना, डॉग स्क्वायड के जरिए कराई चेकिंग

**प्रयागराज।** चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर 4 के सामने बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पात ही आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। जांच पर पाया गया कि फरजी बम था। एहतियात के तौर पर संदिग्ध बम को पानी की बाल्टी में रखकर लेकर गए 1प्रथम दृष्टि में किसी छोटे पत्थर के टुकड़े को बांधकर रखा गया था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बम है। सुरक्षा की दृष्टि से बम दस्ते और डॉग स्कॉट को बुलाया गया। टीम ने जांच पड़ताल के बाद साफ किया की ये बम नहीं है।

## दोस्तो संग मध्यप्रदेश के बहूटी झरना में स्नान करने गये युवक की डूबने से मौत,परिजनों में मचा कोहराम, दो अन्य मित्रों को गोताखोरों ने बचाया गया



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के जमखुरी गांव का एक युवक अपने दोस्तों के साथ मध्यप्रदेश के सबसे बडे ऊंचे फॉल बहूटी झरना में स्नान करने गए। जिस में एक युवक की डूबने से मौत हो गई जबकि दो मित्रों को गोताखोरों ने बचा लिया। शव सोमवार को गांव आया तो घर में कोहराम मच गया। दो बजे कब्रिस्तान में दफना दिया गया। मऊआइमा के जमखुरी गांव निवासी नसीम अहमद का 30 वर्षीय पुत्र रिजवान अहमद प्रयागराज में रहकर रोजी रोटी कमाता है। बताया गया है कि रविवार को रिजवान अहमद अपने दोस्त ओसामा, अंकित आदि के साथ मध्यप्रदेश के सबसे ऊंचा झरना बहूटी फॉल में स्नान करने गए थे। बताते हैं कि तेज पानी के बहाव में रिजवान डूबने लगा जिसे गोताखोर नहीं बचा सके जबकि अन्य दोस्तों को बचा लिए। सोमवार सुबह पैतृक निवास मऊआइमा के ग्राम जमखुरी जब रिजवान का शव पहुंचा तो स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतक के बडे भाई वसीम से छोटा था तथा एक बहन भी है। रिजवान की शादी नवम्बर में तय थी। रिजवान के शव को सोमवार को दोपहर बाद दफना दिया गया। उक्त घटना से स्वजनों में सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

# बेसिक शिक्षामंत्री के बयान से शिक्षामित्रों में आक्रोश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रांतीय आह्वान पर चंद्रशेखर आजाद पार्क में बैठक आहूत कर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह द्वारा उच्च सदन में दिए गए बयान पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ के जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने कहा कि डॉ मानसिंह यादव के तारंगित प्रश्नों के उत्तर में बेसिक शिक्षा मंत्री का बयान शिक्षक एवं शिक्षामित्रों के कार्य में भिन्नता होने का लिखित जवाब दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे शिक्षामित्रों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षामित्र विद्यालय में समय से समय तक उपस्थित रहते हुए समस्त कक्षाओं में शिक्षण कार्य करने के साथ साथ विभाग द्वारा आवंटित निपुण लक्ष्य, बालगणना, जनगणना, परिवार सर्वेक्षण, बीएलओ, एफएलएन, एमडीएम, अभिभावक संपर्क, खेलकूद, योग, चहक कार्यक्रम आदि समस्त कार्य अध्यापकों के सामान करते हैं। विभागीय जवाबदेही भी सामान रहती है। फिर मंत्री जी द्वारा शिक्षक और शिक्षामित्रों के कार्य की भिन्नता जवाब देना अज्ञानता का द्योतक है। बैठक का संचालन कर रहे संघ के मंत्री जनार्दन पांडेय ने कहा की अत्यंत अल्प मानदेय में परिवार चलाना कठिन हो गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि शिक्षामित्र अवसाद ग्रसित है। निरंतर शिक्षामित्रों की मौतें हो रही हैं लेकिन सरकार के कान में जूं नहीं रेंगती। उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने मंत्री के बयान की निंदा करते हुए कहा कि अब आर या पार के संघर्ष हेतु शिक्षामित्रों को तैयार रहना होगा। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर शिक्षामित्रों ने अपने कामों की लिखी तख्तियां लेकर मंत्री के बयान वापस लेने के नारे भी लगाए। शिक्षामित्र करते काम बराबर, मानदेय मिलता न के बराबर जैसे स्लोगन लिखी तख्तियों को लेकर विरोध दर्ज कराया। बैठक में मुख्य रूप से सरोज सिंह यादव,प्रताप बहादुर सिंह, राजेश कुमार, वीरेंद्र कुशवाहा, लालमणि पाल, महेश सिंह, दशरथ भारती, सुमंत भार्गव, हरिभान सिंह, जमाल अहमद, अनामिका गिरी, सिद्धराज सिंह, रेखा देवी, अंतिमा यादव, निशा तिवारी, अर्चना कुशवाहा, रेनू सिंह, कमलाकर सिंह, घनश्याम दत्त मिश्र आदि दर्जनों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## मेजारोड़ पुलिस चौकी प्रभारी को दी गयी भावभीनी विदाई



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी मेजारोड़ प्रभारी राम भवन वर्मा की भावभीनी विदाई पुलिसकर्मियों के द्वारा की गई । उक्त अवसर पर उपस्थित पुलिस कोतवाल मेजा राजेश उपाध्याय ने चौकी प्रभारी के कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'जब कोई अपना प्रिय साथी बीच से अलग होता है तो दुख होना लाजिमी है, सहकर्मी ऐसे साथी के द्वारा किए गए कार्य व्यवहार को समय-समय पर याद करते हैं। प्रभारी राम भवन वर्मा ने काफी तत्परता के साथ उनके निदेर्शों का अनुपालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इनके कार्यों से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्कता है। इस मौके पर हेड मोहर्रिर सौरभ राय, उप निरीक्षक गोबिन्द राम, अरविंद चौबे, बाबा पटेल, उप निरीक्षक उमेश पटेल सहित कई पुलिस कर्मी और गणमान्य नागरिक लोग उपस्थित रहे।


# कार्यालय आदर्श नगर पंचायत, अझुवा, कौशाम्बी

पंत्राक -मेमो/नं.पं.अ./2023-24 — दिनांक 14.08.2023

स्वच्छ अझुवा — सुन्दर अझुवा

## आदर्श नगर पंचायत, अझुवा जनपद- कौशाम्बी

**15 अगस्त, 2023 को 77 वाँ स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अझुवा अपने नागरिकों से निम्न अपील करती है।**

1. सभी नगर वासी एक वृक्ष अवश्य लगायें।
2. पटरी दुकानदार सड़क/पटरी पर दुकाने न लगायें।
3. कूड़ा कूड़ेदान मे डाले या डोर-टू डोर जाने ई-रिक्शा कूड़ा गाड़ी में ही डालें।
4. नगर को स्वच्छ बनायें और बीमारी से दूर रहने के लिए खुले में शौच न जायें।
5. प्लास्टिक, पॉलीथीन, थर्मोकोल का प्रयोग 15 जुलाई, 2018 से पूर्णतया प्रतिबंधित है, इसका प्रयोग कदापि न करें उसके स्थान पर जूट या कपड़े के बने थैले का प्रयोग करें।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के लिए सिटीजन फीडबैक हेतु अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग करें।
7. किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से दूर रहे नाला/नाली व सड़कों को अवरोध मुक्त रखें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर करवायें और किसी अनावश्क कागजी कार्यवाही से मुक्त रहें।
9. भवनकर, जल मूल्य तथा लाइसेसिंग शुल्क का समय से भुगतान अवश्य करें।
10. नगर पंचायत अझुवा द्वारा बनाये गये सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
11. प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि योजनान्तर्गत रेहड़ी और पटरी वाले (छोटे सड़क विक्रेताओं) को अपना खुद का काम शुरू करने के लिए प्रथम बार में धनराशि-10,000.00 (दस हजार) रूपये तक लोन मुहैया कराया जायेगा। सरकार द्वारा लिया गया ऋृण एक वर्ष के भीतर किस्त लौटाने के बाद द्वितीय बार में धनराशि-20,000.00 (बीस हजार) रूपये तथा तृतीय बार में धनराशि-50,000.00 (पचास हजार) रूपये तक का लोन प्राप्त किया जा सकता है।

साकेतचन्द्र श्रीवास्तव, लेखा लिपिक, नगर पंचायत अझुवा-कौशाम्बी
रश्मि सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अझुवा-कौशाम्बी
शान्ती देवी कुशवाहा, अध्यक्ष, नगर पंचायत अझुवा-कौशाम्बी
सुजीत कुमार, जिलाधिकारी, कौशाम्बी



# कार्यालय नगर पंचायत लालगोपालगंज, प्रयागराज

पंत्राक -मेमो/न.पं.लाल/2022-23 — दिनांक 14.08.2023

**76वां स्वतन्त्रता दिवस व आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत " हर घर तिरंगा " व मेरी माटी, मेरा देश के अवसर पर नगरवासियों से निम्न आपेक्षाएं की जाती है।**

- प्रत्येक नागरिक को अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना/लगाना है।
- सरकारी परिसर में सुर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिए तथा सूर्यास्त के साथ ही सम्मान के साथ उतारना चाहिए।
- झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे फेंका नहीं जायेगा। उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए।
- हर घर पर झण्डा विधिवत् तरीके से लगाया जाना चाहिए। आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा।
- पालीथीन पूर्णतः प्रतिबंधित है, कृपया पालीथीन का प्रयोग न करें, पकड़े जाने पर नियमानुसार जुर्माना वसूल किया जायेगा। अतः कपड़े एवं कागज के बने थैले का प्रयोग करें।
- 100 माईक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक के कैरी बैग और वस्तू 30 सितम्बर 2022 से प्रतिबंधित है।
- गीला कचरा हरे डस्टविन में , सूखा कचरा नीले डस्टविन में ही डालें।
- खुले में शौच व पेशाब न करें। शौचालय व मूत्रालय का प्रयोग करें। कूड़ा खुले में न फेंके, कूड़ा सदैव कूड़ेदान में ही डालें।
- कूड़ा खुलें में फेकते हुए, खुले में शौच व पेशाब करते हुए पकड़े जाने पर 100 रू0 का जुर्माना वसूला जायेगा।
- दो गज की दूरी, मास्क है जरूरीं। सार्वजनिक स्थल पर मुँह व नाक को ढकने के लिए मास्क/कपड़े का प्रयोग करें।
- बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई होने पर तत्काल डाक्टर से सम्पर्क करें।

प्रदीप कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लालगोपालगंज, प्रयागराज
लिपिक, नगर पंचायत लालगोपालगंज, प्रयागराज
मा0 सभासदगण
जुलेखा, अध्यक्ष, नगर पंचायत लालगोपालगंज, प्रयागराज



# कार्यालय नगर पंचायत कोरांव, प्रयागराज

पंत्राक -न.पं.कोरांव/15 अग.वि./2023-24 — दिनांक 14.08.2023

**आजादी का अमृत महोत्सव के समापन पर " मेरा माटी मेरा देश" कार्यक्रम एवं स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समस्त सभासदों की ओर से समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।**

1. " हर घर तिरंगा" अभियान के अन्तर्गत अपने आवास/प्रतिष्ठान पर सम्मानपूर्वक तिरंगा अवश्य फहरायें।
2. पॉलीथीन पूर्णतया प्रतिबन्धित है, पॉलीथीन का प्रयोग कदापि न करें।
3. समस्त व्यापारी भाइयों से अपील है कि किसी भी ग्राहक को बिना कपड़े /जूट के थैले के सामान न दें।
4. खुले में शौच न जायें, निकाय द्वारा निर्मित सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय का प्रयोग करें।
5. निकाय निहित भूमि, सड़क, पटरियों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
6. सड़क एवं गलियों में साफ-सफाई के पश्चात् कूड़ा सड़क पर न फेकें।
7. अपने घरों का कचरा निकाय द्वारा संचालित कूड़ गाड़ी/डोर टू डोर रिक्शा गाड़ी को ही दें।
8. जल ही जीवन है, जल का संचय करें एवं नलों में टोटियों का प्रयोग करें।
9. जलमूल्य एवं गृहकर का भुगतान समय से करें।
10. स्ट्रीट लाईटें एवं सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय आपके लिए है, कृपया उन्हें नुकसान न पहँचायें।
11. जन्म/मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के भीतर अवश्य करायें, तथा अनावश्यक दस्तावेज से बचें।

**सम्मानित सदस्यगण**

1. ब्रजेन्द्र प्रसाद 2. रेखा देवी 3. सचिन केशरी 4. संजय कुमार (चुलबुल) 5. राजकुमार 6. शैलेश कुमार, 7. सुफिया बेगम 8. सुमन देवी, 9. सरला देवी 10. धर्मराज 11. मुस्तफा (गाँधी)

(बन्टी कुमारी), अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कोरांव, प्रयागराज
(ओम प्रकाश सिंह), अध्यक्ष, नगर पंचायत कोरांव, प्रयागराज

संपादक की कलम से


## नई नीतियों से पर्यावरण और पारिस्थितिकी को नुकसान

पी.सुधीर

देश की खनिज संपदा का एक बड़ा हिस्सा वन क्षेत्रों में स्थित है। इन बदले हुए कानूनों के साथ, कोई भी कॉर्पोरेट निकाय वन क्षेत्र या क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परवाह किये बिना पूर्ण पैमाने पर विनाशकारी अन्वेषण शुरू कर सकता है। इस पहलू में, दो संशोधित कानूनों - एफसीए और एमएमडीआर- पर सरसरी नजर डालने मात्र से यह स्पष्ट हो जाता है। इसके अलावा, कुछ निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा निपटाया जाता था, खनन अधिकारों की नीलामी आमतौर पर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में थी। लोगों या पर्यावरण की परवाह किये बिना देश के प्राकृतिक संसाधनों को निजी पूंजी के शोषण के लिए खोलने की अपनी घोषित नीति को जारी रखते हुए, मोदी सरकार ने संसद में दो कानून लाये हैं जिनके गंभीर परिणाम होंगे। एक वन (संरक्षण) अधिनियम (एफसीए) में संशोधन और दूसरा खान और खनिज (विकास और विनियमन) (एमएमडीआर) अधिनियम में संशोधन करना है। 1980 में पारित, एफसीए में वनों के रूप में नामित भूमि के मनमाने ढंग से आरक्षण को रोकने के लिए सख्त प्रावधान थे। इसका उद्देश्य वनों को अंधाधुंध कटाई से बचाना था। आदिवासी समुदायों को भूमि के अधिकार देने और उन्हें बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए, बाद में 2006 में, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम), जिसे एफआरए के रूप में जाना जाता है, के माध्यम से कुछ छूट शामिल की गई। मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये नये विधेयक में वनों की परिभाषा को कमजोर करने और सड़कों, रेलवे लाइनों, सुरक्षा बुनियादी ढांचे, रक्षा शिविरों, वायरलेस स्टेशनों, पुलों के निर्माण के लिए छूट प्रदान करके मौजूदा कानून की संपूर्ण नियामक संरचना को कमजोर करने का उपाय किया गया है। खाइयों, पाइप लाइनों और यहां तक कि चिड़ियाघरों, सफारी और पर्यावरण-पर्यटन सुविधाओं के लिए भी यह लागू होगा। यह 1996 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित वनों की अवधारणा को फिर से परिभाषित करता है, जिसके तहत उन क्षेत्रों को वन के रूप में परिभाषित नहीं किया गया था जिन्हें 'मानित वन' माना जाता था। यह विधेयक ग्राम सभाओं और अन्य निगरानी समितियों से अनिवार्य सहमति के एफआरए प्रावधानों को खत्म कर देता है, जिससे आदिवासी समुदाय अपनी भूमि के अधिग्रहण के खिलाफ पूरी तरह से असहाय हो जाते हैं। इससे एक ही झटके में न केवल जंगल विनाश के लिए खुल जायेंगे बल्कि उनके निवासी विस्थापित हो जायेंगे। यह स्पष्ट है कि यह वन भूमि के अधिग्रहण के लिए कानूनों और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों द्वारा लगाई गई नियामक सीमाओं से छुटकारा पाने के लिए किया जा रहा है। ये दूरगामी परिवर्तन मोदी सरकार द्वारा अपने शासनकाल के एक दशक में पर्यावरण नियामक ढांचे को लगातार खत्म करने की निरंतरता को जारी रखते हैं। पिछले उपायों (या तो संशोधन या यहां तक कि सरकारीआदेशों के रूप में पेश किये गये) में पर्यावरणीय प्रभाव आकलन नियमों, तटीय क्षेत्र नियमों आदि को कमजोर करना शामिल है। वन संरक्षण अधिनियम संशोधन के साथ, सरकार ने जैविक विविधता अधिनियम में संशोधन भी इसी तरह से पारित कराया। यह परिवर्तन अधिनियम के तहत अपराधों को कम कर देगा, और आयुष चिकित्सकों को कानून से छूट देते हुए 'संहिताबद्ध पारंपरिक ज्ञान' की परिभाषा को धुंधला कर देगा। यह सब कॉर्पोरेट हितों, विशेषकर फार्मास्युटिकल संस्थाओं द्वारा संचालित वनस्पतियों और जीवों के बेलगाम निष्कर्षण का रास्ता खोल देगा।

# अंग्रेजों के जमाने का बदला कानून

अशोक भाटिया



**देश** में कानूनों में बड़े बदलाव की सिफारिश केंद्र सरकार ने की है। संसद के मॉनसून सत्र के आखिरी दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सदन के सामने तीन बिल पेश किए। इन बिलों में इंडियन पीनल कोड और क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धाराओं में बदलाव की सिफारिश की गई। साथ ही नया भारतीय न्याय संहिता का प्रस्ताव रखा गया। इन तीनों विधेयकों में क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के लिए मूलभूत कानून हैं। अमित शाह के अनुसार इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किए गए इन तीनों कानूनों को समाप्त कर आज हम तीनों नए कानून लाए हैं। इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा। समाप्त होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेजी शासन को मजबूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे और उनका उद्देश्य दंड देने का था, न्याय देने का नहीं था, इन दोनों मूलभूत चीजों को हम परिवर्तन करने जा रहे हैं। इन तीनों कानूनों को रिप्लेस कर आने वाले तीन नए कानूनों की आत्मा होगी, भारतीय नागरिकों को संविधान द्वारा दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना होगा ।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने देश को आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेजी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा, अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे जिससे हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। अभी के कानूनों में मानव हत्या या स्त्री के साथ दुराचार जैसे जघन्य अपराधों को बहुत नीचे रखा गया और राजद्रोह, खजाने की लूट शासन के अधिकारी पर हमले जैसे अपराधों को इनसे ऊपर रखा गया। इन नए कानूनों में सबसे पहला चैप्टर महिलाओं और बच्चों के साथ अपराध पर होगा। दूसरा चैप्टर मानव वध और मानव शरीर के साथ होने वाले अपराधों पर होगा। हम शासन की जगह नागरिक को केन्द्र में लाने का बहुत बड़ा सैद्धांतिक निर्णय कर ये कानून लाए हैं। अमित शाह के अनुसार इन कानूनों को बनाने के पीछे बहुत लंबी प्रक्रिया रही है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2019 में हम सबका मार्गदर्शन किया था कि अंग्रेजों के समय के बनाए गए जितने भी कानून जिस विभाग में भी हैं, उन पर पर्याप्त चर्चा और विचार कर आज के समय के अनुरूप और भारतीय समाज के हित में बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन कानूनों को बनाने के लिए हर जगह व्यापक कंसल्टेशन किया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि उन्होने अगस्त, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और देश के सभी कानून विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे थे। वर्ष 2020 में सभी सांसदों, मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों और संघशासित प्रदेशों के प्रशासकों को पत्र लिखे गए।

इसके बाद व्यापक कंसल्टेशन के बाद आज ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं। श्री शाह ने कहा कि 4 सालों तक इन पर गहन विचार विमर्श किया गया है और वे स्वयं 158 बैठकों में उपस्थित रहे हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, जो क्रिमिनल प्रोसीजर कोड को रिप्लेस करेगी, में अब 533 धाराएं रहेंगी, 160 धाराओं को बदल दिया गया है , 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय न्याय संहिता, जो इंडियन पीनल कोड को रिप्लेस करेगी, पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 356 धाराएं होंगी, 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 22 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य विधेयक, जो साक्ष्य अधिनियम को रिप्लेस करेगा, इसमें पहले की 167 के स्थान पर अब 170 धाराएं होंगी, 23 धाराओं में बदलाव किया गया है, एक नई धारा जोड़ी गई है और 5 धाराएं निरस्त की गई हैं।

अमित शाह के अनुसार कुल 475 जगह गुलामी की इन निशानियों को समाप्त कर आज हम नए कानून लेकर आए हैं। इन कानूनों से हमने नए युग को भी जोड़ने का प्रयास किया है। हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत समय लगता है, न्याय इतनी देर से मिलता है कि न्याय का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है, लोगों की श्रद्धा उठ गई है और अदालत में जाने से डरते हैं। इन कानूनों में अत्याधुनिकतम तकनीकों को समाहित किया गया है। दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है, जिनसे अदालतों में लगने वाले कागजों के अंबार से मुक्ति मिलेगी। एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। अभी सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग सहित, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगा। शिकायतकर्ता और गवाहों का परीक्षण, जांच-पड़ताल और मुकदमे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग और उच्च न्यायालय के मुकदमे और पूरी अपीलीय कार्यवाही भी अब डिजिटली संभव होगी। सर्च और जब्ती के वक़्त हमने वीडियोग्राफी को कंपल्सरी कर दिया है जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष नागरिकों को फंसाया नहीं जा सकेगा। पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी।

अब कानूनों में बदलावों के बाद अदालतें पूरी तरह से डिजिटल होंगी। आम लोगों को न्याय के लिए सालों साल, पीढ़ी दर पीढ़ी इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब लोगों को अदालतों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। घर बैठे केस की सुनवाई भी होगी, गवाही भी होगी और फैसला भी होगा। अब सबूतों के अभाव में अपराधी बरी नहीं होंगे और केस प्रॉपर्टी के तौर पर जब्त किए गए सामान को पुलिस थानों के मालखानों में कबाड़ की तरह रखने की जरूरत नहीं होगी। इनका डिजिटल साक्ष्य कोर्ट में पेश किया जा सकेगा। मतलब ये कि अब देश में न्याय प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और आसान होगी। शाह ने जो 3 बिल लोकसभा में पेश किए, वे अब संसद की स्थायी समिति के पास जाएंगे। जब ये कानून की शक्ल लेंगे तो न्याय व्यवस्था में जबरदस्त बदलाव दिखेगा। अदालतों में लगने वाली भीड़ खत्म होगी। दशकों से लटके मामले, केस की फाइलें अब डिजिटल हो जाएंगी। सरकार कानूनों में जो बदलाव करने जा रही है, उसका आपके जीवन पर काफी असर पड़ेगा। आम लोगों को न्याय मिलना आसान होगा। पुलिस का काम पारदर्शी होगा। सबूतों के साथ छेड़छाड़ और सबूतों को नष्ट होने से रोका जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि इन बदलावों का मकसद ये है कि लोगों को न्याय तेजी से मिले, बेगुनाहों को परेशानी ना हो, दोषी बचें नहीं और कन्विक्शन रेट बढ़े। इस बात का एहसास तो पहले भी था कि हमारी आपराध प्रक्रिया संहिता पुरानी है। अंग्रेजों के जमाने की है, लेकिन अमित शाह की बात सुनकर तो रोंगटे खड़े हो गए। यकीन ही नहीं हुआ कि हम 75 साल से पुराने कानूनों को लेकर काम चला रहे हैं।

वे पुराने कानून जिनका अंग्रेजों की पुलिस बड़ी आसानी से बेजा इस्तेमाल करती थी और आज की पुलिस भी करती है। वे कानून जिनका आज अपराधी पूरा फायदा उठाते हैं, कड़ी सजा से बच जाते हैं। ये कानून ऐसे हैं कि पीड़ित को लगने लगता है कि शायद उसने कोई गुनाह किया हो, वो कानून जिसके तहत अपराधी को सजा दिलाने में लोगों की सारी जायदाद बिक जाती है।

इंसाफ के लिए लड़ते-लड़ते जिंदगी के कीमती साल बर्बाद हो जाते हैं, गवाह थक जाते हैं, परेशान हो कर हार मान लेते है। तारीख पे तारीख का सिलसिला चलता रहता है। आप निर्भया के केस को याद कीजिए। सारा देश निर्भया की मां के साथ खड़ा था।। पूरी सरकार हत्यारों को सजा दिलाना चाहती थी। पुलिस पर जबरदस्त दवाब था। ये ओपन एंड शट केस था। सारे सबूत थे, गवाह थे तो भी दरिंदों को फांसी तक पहुंचाने में 7 साल 3 महीने लग गए। यह वो केस है जो सारी दुनिया के सामने था। ये तो वो केस है जो फास्ट ट्रैक में था लेकिन अपील पर अपील होती रही। निर्भया की मां एक से दूसरी अदालत में दौड़ती रही।

जेसिका लाल के केस में क्या हुआ हम सबने देखा। ऐसे हजारों केस हमारे और आपके सामने हर रोज आते हैं, जिनमें पूरा सिस्टम सिर्फ न्याय में देरी कराने का काम करता है। कभी सबूतों को लेकर, कभी फॉरेन्सिक जांच को लेकर, कभी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को लेकर, कभी केस की प्रॉपटी को लेकर सवाल उठते रहते हैं। केस में तारीख पर तारीख लगती जाती थी। अपराधियों को जमानत मिल जाती थी, और जिसके परिवार के साथ अपराध हुआ वो अपने आपको बचाता फिरता था। हम मान कर बैठ जाते थे कि ऐसे ही चलता है, क्या करें कानून ही ऐसा है। अगर अमित शाह ने संसद में जो कहा वो वाकई में हो गया, तो ये एक क्रांतिकारी काम होगा अदालतों मे इंसाफ के लिए भटक रहे करोड़ों लोगों को राहत मिलेगी। इतिहास अमित शाह को याद रखेगा।

## मणिपुर के राहत शिविरों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

डॉ.आनंद जकरिया व डॉ. रमानी अटकुरी



**मणिपुर** का मानवीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट असाधारण है। दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है। बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है। इन कारणों से स्वास्थ्य प्रणाली पंगु हो रही है और इसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रतिकूल परिणाम होंगे। सरकार सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है।

यह लेख मणिपुर में 100 से अधिक दिनों से जारी मानवीय संकट के समय चिकित्सा सुविधाओं की कमी की ओर पर आम जनता और चिकित्सा समुदाय का ध्यान तत्काल आकर्षित करने के लिए लिखा जा रहा है जो मणिपुर में काम कर रहे स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य स्वयंसेवकों से प्राप्त आरंभिक सूचनाओं और गैर-सरकारी संगठनों की रिपोर्टों के आधार पर लिखा गया है। वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, स्वास्थ्य निहितार्थ और इसे सुधारने के लिए क्या किया जाना चाहिए- इस पर संक्षेप में प्रकाश डालना इसका उद्देश्य है। मणिपुर में हिंसा, आगजनी तथा हत्याओं के परिणामस्वरूप घाटी और पहाड़ी दोनों में अस्थायी आश्रयों में बड़ी संख्या में विस्थापित लोग हैं। स्कूल, छात्रावास, गोदाम, पूजा स्थल या सामुदायिक हॉल जैसी जगहें इन लोगों का आश्रय स्थल बने हुए हैं। स्थानीय लोग और नागरिक समाज संगठन अपनी क्षमता के अनुसार विस्थापितों को राहत प्रदान कर रहे हैं लेकिन यह प्रभावितों की जरूरतों को पूरा करने में अपर्याप्त है। प्रभावित कई लोगों ने राज्य छोड़ दिया है और पड़ोसी राज्यों (नगालैंड, असम, मिजोरम आदि) या उनके परिवार या रिश्तेदार अगर हैं तो नई दिल्ली और बेंगलुरु जैसे दूर-दराज के शहरों में चले गए हैं मणिपुर में चल रहे संघर्ष के कारण अब घाटी और पहाड़ियों के बीच एक अनौपचारिक क्षेत्रीय विभाजन है जिसमें दोनों क्षेत्रों के बीच लोगों, सामानों और वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है। ये बातें सभी को मालूम है लेकिन डर है कि संकट की सीमा और पैमाने का पूरा अंदाज किसी को नहीं है। अस्थिर और अंशात मणिपुर में इस समय 70 हजार से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं, 142 व्यक्तियों के मारे जाने की सूचना है जबकि 6,000 से अधिक घायल हुए हैं। भारत में मानवीय एजेंसियों के राष्ट्रीय गठबंधन स्फीयर इंडिया के अनुसार, इन विस्थापितों ने मणिपुर के 10 जिलों में स्थित 253 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। यह रिपोर्ट अंतर-एजेंसी समन्वय समिति (राहत में शामिल एजेंसियां) की बैठकों और यूनाइटेड रिस्पांस स्ट्रैटेजी (यूआरएस) मैट्रिक्स का उपयोग कर 100 से अधिक स्थानीय संगठनों की प्रतिक्रिया के आधार पर बनाई गई है। मणिपुर में कार्यरत या वहां का दौरा कर चुके डॉक्टरों के अनुसार, शिविरों में साफ-सफाई की स्थिति गंभीर है खासकर बुजुर्ग और कमजोर लोगों के लिए। वहां भीड़-भाड़ है और स्वच्छता नहीं है। प्लास्टिक के बड़े टैंकों में पानी संग्रहित किया जाता है जो बाहर एक नल या बोरवेल से भरा जाता है। पानी कीटाणुरहित नहीं किया जाता है। अपशिष्ट जल की निकासी की व्यवस्था भी अपर्याप्त है। मानसून की शुरूआत होने के साथ ही स्वच्छता और जल निकासी बदतर हो गयी है। ऐसी भीड़-भाड़ वाली स्थिति में पर्याप्त सुविधा न होने के कारण बीमारी के प्रकोप का खतरा है। कुछ विस्थापित व्यक्तियों को मच्छरदानियां उपलब्ध कराई गई हैं। विस्थापितों को भोजन के रुप में सुबह-शाम मुख्य रूप से दाल और चावल दिया जाता है। कभी-कभी बहुत कम मात्रा में सब्जियां या मांस दिया जाता है। छोटे बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं व बुजुर्गों की देखभाल के लिए न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल तथा नियमित टीकाकरण सेवाएं बाधित हो गई हैं। एंटी-हाइपरटेंसिव या एंटी-डायबिटिक दवाओं की बहुत कम आपूर्ति है। बहुत कम सुविधाओं वाले इन शिविरों में प्रसव कराए जा रहे हैं। गंभीर रूप से बीमार रोगियों को अस्पताल ले जाना मुश्किल है।

## संसद पर मोदी का एकाधिकार

**हाल** की अनेक सियासी घटनाओं ने इस खतरे के साफ संकेत दे दिये हैं कि देश की संसद पर सत्ता का लगभग एकाधिकार हो गया है। बहुमत के बल पर संविधान में सरकार बनाने के तो प्रावधान पर हैं लेकिन उसके शब्दों व भावना में कभी भी सर्वोच्च विधायिका पर सत्तारुढ़ दल का एकाधिकार संविधान निमार्ताओं व देश के राजनैतिक पुरखों ने सोचा तक नहीं था। दुखद तो यह है कि ऐसा देश की आजादी के हीरक जयंती वर्ष के तत्काल बाद किया गया जिसे 'अमृतकाल' कहकर खूब प्रचारित और महिमामंडित किया गया। यह भी सर्वाधिक त्रासदीपूर्ण है कि ऐसा देश के मुखिया यानी प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है जिसका कर्तव्य संसद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को बनाये रखना है। वैसे तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के प्रारम्भ (2014) से ही सिर्फ संसद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यवस्था पर एकछत्र राज करने के उपाय करते आये हैं, लेकिन 2019 में विशाल बहुमत पाने के बाद वे पूर्णतः अनियंत्रित हो गये हैं। मंगलवार को पड़ रहे 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके कामों की समीक्षा करना इसलिये बेहद प्रासंगिक व आवश्यक बन पड़ता है। यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकतंत्र विरोधी कामों की लम्बी फेहरिस्त है और उन पर हमेशा से चर्चा होती भी रही है पर इसी शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा अपनाया गया व्यवहार सिर्फ असंसदीय ही नहीं था बल्कि अलोकतांत्रिक भी रहा। पिछले कुछ समय से उनके कामों की देश-विदेश में हो रही आलोचनाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की होती लामबन्दी से बौखलाये मोदी के तेवर प्रतिपक्ष के प्रति अत्यंत अपमानजनक और गरिमाहीन होते जा रहे हैं। संसद से चुन-चुनकर मुखर विपक्षी सदस्यों को निकाल बाहर करना, सवालों के जवाबों से कन्नी काटना, व्यवस्था में मनचाहा बदलाव आदि हाल के ऐसे मामले हैं जो देशवासियों की नागरिक आजादी के लिये बड़े खतरे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ देश भर में आवाज उठनी आवश्यक है। जिस मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न पर पूरा देश हिल उठा है, उसे लेकर मोदी और उनकी सरकार ने जैसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है, वह अपने आप में बेहद शर्मनाक है। पहले तो संसद में इस पर चर्चा कराने के लिये सरकार तैयार ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से इस पर अविश्वास प्रस्ताव के तहत तीन दिवसीय चर्चा हुई तो मोदी स्वस्थ संसदीय परम्परा को धता बताकर पूरी बहस के दौरान आये ही नहीं। वे वैसे भी संसद में कम ही आते हैं। आये भी उन्होंने ऐसे जवाब नहीं दिये जिनमें विपक्ष के सवालों के तथ्यपरक स्पष्टीकरण हों। उत्तर की बजाय अपने सहयोगियों से नारेबाजी कराई तथा विपक्ष को कोसते रहे। अधिक आपत्तिजनक यह है कि मणिपुर की चर्चा से भागने वाले मोदी मध्यप्रदेश की एक सभा में कहते फिर रहे थे कि सत्ता दल गम्भीर चर्चा करना चाहता था परन्तु विपक्ष भाग (बॉयकॉट) गया। सवाल यह है कि अगर सत्ता दल

# नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया

शकील अख्तर

**आंकड़े** देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी। देश का सबसे बड़ा दिन 15 अगस्त। हर साल कई तरह से याद किया जाता है। नास्टेलजिया ( पुरानी अच्छी यादें) होता है। स्कूल के वह दिन सुबह बहुत जल्दी मुंह अंधेरे निकलकर प्रभात फेरी। पूरे गांव, कस्बे या स्कूल के आसपास, शहर का गांधी, नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, भगतसिंह के जिन्दाबाद नारे लगाते हुए, देशभक्ति के गीत गाते हुए चक्कर और फिर बच्चों का सबसे पसंदीदा प्रोग्राम बूंदी के लड्डू मिलना। वह दिन भी खत्म हुए। मगर अभी भी उत्साह पैदा कर देते हैं। तैयारियां केवल बच्चों की नहीं होती थीं, मां-बाप भी खुश होकर इंतजाम करते थे। सबसे मुश्किल काम होता था। सफेद टेनिस शू (कैनवास) की पालिश करके उसे सुखाना। गीली चॉक या वह सफेद रंग की टिकिया पालिश से जूते गीले हो जाते थे। और अगस्त का महीना बरसात का जूते सूखने का नाम नहीं लेते थे। और कभी किसी साल उस दिन से पहले नए सफेद कैनवास शू मिल जाते थे तो कहना ही क्या! लगता था सबसे अलग आप ही हैं। मगर यह सब भावनात्मक यादें हैं। अच्छी हैं। और बिला नागा हर साल आती हैं। रील सी पूरे दिमाग में घूम जाती है। लेकिन आजादी एक अलग ठोस तत्व है। जिस पर सोचना और बात करना अब लगातार कम होता जा रहा है। 76 साल हो रहे हैं। बहुत बड़ा अरसा। सच है बहुत काम हुआ है। आज की सरकार माने या न माने देश इन 76 सालों में बहुत आगे बढ़ा है। यह प्रगति इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है कि शून्य से शुरू हुई थी। अभी भी वे लोग हैं जो 1947 में किशोर हो रहे थे। उन्हें यादें हैं कि कितने कम स्कूल थे। अस्पताल थे। नौकरियां तो बहुत लिमिटेड हुआ करती थीं। मगर नेहरू ने वाकई चमत्कार किया। नकारात्मक बातें करने के बदले जैसा आज की सरकार करती है देश को बनाने में लग गए। कभी नहीं कहा कि अंग्रेजों ने क्या छोड़ा। जैसा आज हर बात में कहा जाता है कि सत्तर सालों में क्या हुआ वैसा कभी नहीं कहा कि पहले क्या हुआ। सही है अगर वही करते रहते तो उन्हें भी बिना एम्स बनाए झूठ बोलना पड़ता कि दिल्ली में बना दिया। कह दिया कि दरभंगा में बना दिया। लाख बिहार सरकार कहती रहे, दरभंगा की जनता कहती रहे कि नहीं है यहां एम्स, मगर क्या फर्क पड़ता है। कह दिया। और भक्त लोग मान गए। कईयों ने तो आंकड़े भी दे दिए कि इतने लोग इलाज करवा कर ठीक होकर आ भी गए। नेहरू ने काम किया। आज बातें की जा रही हैं। महाराष्ट्र की कलावती के लिए कहदिया कि राहुल ने कुछ नहीं किया। भक्त मान गए। कांग्रेस कहती रहे। खुद कलावती कहती रहे कि राहुल ने पूरी मदद की। मगर मीडिया लिख चुका कि भाजपा सरकार ने की थी। पहले पत्रकार फैक्ट फाइंडिंग करते थे। दरभंगा जाकर वहां से लिखते थे कि नहीं है एम्स। कलावती से मिलकर लिखते थे कि उसकी मदद भाजपा सरकार ने नहीं राहुल ने की है। मगर आज जो सरकार कह दे वही सही। नाले के गैस से चाय बनना आविष्कार है। रडार बादलों में काम नहीं करता नया तथ्य है। कबीर, गुरु नानक और गोरखनाथ का समकालीन होना नया इतिहास है। और भारत 1947 में नहीं 2014 में आजाद हुआ नई खोज है। ऐसी बहुत सारी बातें होंगी। खुद को महान साबित करने के लिए ऐसी काल्पनिक बातों की कोई सीमा नहीं है। कभी मनोवैज्ञानिक इस पर लिखेंगे। आज तो किसी की हिम्मत नहीं है। मगर नेहरू इन चक्करों में नहीं पड़े। उन्होंने देश की प्राथमिकताएं तय कीं और उनमें लग गए। आराम हराम है का नारा नेहरू ने ही दिया था। 16 घंटे काम वे ही करते थे। और झूठ देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। अंदर से खोखला कर सकता है वे जानते थे इसीलिए अफवाहें देश की सबसे बड़ी दुश्मन हैं का आह्वान किया था। नेहरू भी चाहते तो झूठ और अफवाहों के जरिए अपनी सरकार चला सकते थे। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने का बड़ा आभा मंडल उनके पास था। विपक्ष कहीं था ही नहीं। संघ ( जिसकी राजनीतिक शाखा आज भाजपा है) आज जो नेहरू की सबसे ज्यादा आलोचना करता है, उस समय आजादी के आंदोलन में शामिल नहीं होने के कारण जनता में बहिष्कृत था। नेहरू के पास सिर्फ चुनाव का ही नहीं आजादी के आंदोलन से निकला एक बड़ा जन समर्थन था। जैसी चाहे कहानियां बना सकते थे। मगर उन्होंने देश का ठोस निर्माण करने का फैसला किया। कुछ आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी। तो आप समझ सकते हैं कि नेहरू ने किस तरह जीरो से शुरूआत की। अगर वे भी बातें बनाते रहते तो देश की साक्षरता दर आज 12 प्रतिशत से 82 प्रतिशत नहीं होती। महिला साक्षरता 9 प्रतिशत से 77 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती। सबसे बड़ा काम था लोगों को पढ़ाना लिखाना। स्कूल थे नहीं। बहुत सारे लेखकों ने, अन्य लोगों ने लिखा है कि कैसे वे मीलों दूर पढ़ने जाया करते थे। उस समय पूरे देश में करीब एक लाख ही स्कूल थे। जिनमें से भी अधिकांश शहरों में। गांवों में तो स्कूल थे ही नहीं। नेहरू ने सबसे ज्यादा ध्यान इस पर दिया। स्कूल खोलने से लेकर टीचर ट्रेनिंग तक पर। केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं थी अच्छी शिक्षा भी जरूरी थी। और ऐसे ही उच्च शिक्षा भी। नेहरू इसका महत्व कितना समझते थे यह इसी से समझ सकते हैं कि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (यूजीसी) 1949 में ही बना दिया था। आजादी के समय देश में केवल 27 ही विश्वविद्यालय थे। नेहरू, गांधी, सुभाष चन्द्र बोस सबको पढ़ने के लिए विदेश जाना पड़ता था। और आज विदेशों में हर बड़े विश्वविद्यालय में भारतीय पढ़ा रहे हैं।

# समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं रक्षाबन्धन
कि हार्दिक शुभकामनायें
राहुल तिवारी
अध्यक्ष
साधन सहकारी समिति लि.
बँधवा न्याय पंचायत, मेजा-प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
U-CMO/2013/37
सहारा डाइग्नोस्टिक्स
मिर्जापुर रोड मेजा रोड चौराहा, प्रयागराज मो0: 9936706196, 9651544804
ULTRASOUND REPORT
24 HOURS SERVICE AVAILABLE

76 वीं स्वतंत्रता दिवस की
समस्त क्षेत्रवासियों व प्रिय ग्राहकों
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रतिष्ठान
श्री शारदा एजेन्सी
सी एण्ड एफ सीमेंट
डालमिया सीमेंट
प्रो. जयशंकर शुक्ला
गारापुर, सहसों, प्रयागराज

76 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर
ए. एन. तिवारी ग्रुप ऑफ एजूकेशन की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं
ए. एन. तिवारी ग्रुप ऑफ एजूकेशन
उपक्रम
ए.एन. तिवारी लॉ कालेज
ए.एन. तिवारी आई टी आई
महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल
गुलालपुर, हेतापट्टी, सहसों, प्रयागराज
शिव प्रकाश तिवारी
प्रबन्धक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
टेरा कोटा वर्क्स
प्रो. विमलेश प्रजापति
हमारे यहाँ सभी प्रकार के मिट्टी के बर्तन बनाया जाता है। छोटी व बड़ी गिलास (चाय व लच्छी) के लिए और भी कई प्रकार के बर्तन बनाये जाते हैं।
गोनौरा, रामनगर, मेजा, प्रयागराज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दुर्गावती इण्टरनेशनल स्कूल एवं कालेज
सुशील मिश्र
चेयरमैन
डा. स्वतन्त्र मिश्र
प्रबन्धक
गोसौरा कला, मेजा, प्रयागराज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अत्याधुनिक संसाधनो से युक्त यमुना पार एक मात्र अस्पताल एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल
अमर ज्योति नर्सिंग होम एण्ड स्कूल
24 घण्टे इमरजेन्सी एवं एम्बूलेंस सुविधा उपलब्ध
मिर्जापुर रोड, घोड़ेडीह, भीरपुर एवं पचदेवरा, करछना, प्रयागराज
डा. आर. पी. पाण्डेय
एम.एस. आर्थो निदेशक
डा. के. के. शुक्ला
प्रबन्धक
Mob.: 8874201033,34,37, 8004111687



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अत्याधुनिक संसाधनो से युक्त यमुना पार एक मात्र अस्पताल एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल
अमर ज्योति नर्सिंग होम एण्ड स्कूल
24 घण्टे इमरजेन्सी एवं एम्बूलेंस सुविधा उपलब्ध
मिर्जापुर रोड, घोड़ेडीह, भीरपुर एवं पचदेवरा, करछना, प्रयागराज
डा. आर. पी. पाण्डेय
एम.एस. आर्थो निदेशक
डा. के. के. शुक्ला
प्रबन्धक
Mob.: 8874201033,34,37, 8004111687



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिपाही लाल प्रजापति निदेशक /प्रो.
जय बजरंग मिष्ठान
उच्च कोटि के मिठाइयों के निर्माता
शुद्ध जलपान की व्यवस्था उपलब्ध
पटेल मार्केट, मेजा रोड, कोहड़ार मार्ग, प्रयागराज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन मिश्रा निदेशक
राजेश्वर मिश्रा निदेशक
पंकज शुक्ला (प्रबन्धक)
जी एस आर एम स्टोन वर्क्स
भटौती, मेजा, प्रयागराज


## समस्त क्षेत्र वासियों एवं नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

प्रयाग मीडिया के बैनर तले टेक्निकल एजूकेशन के बेरोजगार नवयुवकों पर आधारित हिन्दी फीचर फिल्म अवसान के सन् 2020 ई0 में सकुशल रिलीज होने पर फिल्म के निर्माता (प्रोड्यूसर) प्रयागराज जनपद के यमुनापर क्षेत्र के विकास खण्ड-उरुवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत कठौली निवासी तथा विगत 3 पंच वर्षीय कार्यकाल से गरीबो के साथ कदम से कदम मिलाकर उनके सुख-दुख में साथ देते हुए बतौर ग्राम प्रधान गाँव का प्रतिनिधित्व करने वाले महान व्यक्तित्व हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भैया जी) को काशी फिल्म महोत्सव वनारस में भारत सरकार के मंत्री अनुराग ठाकुर एवं फिल्म जगत के मशहूर एवं जानी मानी हस्तियां सांसद रवी किशन, हेमा मालिनी, राजू श्रीवास्तव एवं सतीश कौशिक द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।



### गाँव का सर्वांगीण विकास करना ही हमारी प्राथमिकता

विकास पुरुष हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत) भैया जी के अथक प्रयास से जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत कठौली में निर्माणाधीन 3-4 करोड़ के प्रोजेक्ट नलकूप योजना से 7 किमी. की एरिया में आने वाले 17 मजरों के ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जल्द ही मिलेगी मुक्ति घर-घर पहुँचेगा शुद्ध मिनरल वाटर ग्राम पंचायत कठौली साबित होगा एक उत्तम आर्दश ग्राम पंचायत। (गाँव का विकास ही संकल्प है)



**हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भैया जी)**
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत कठौली
विकास खण्ड-उरुवा, प्रयागराज


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सम्पूर्ण सुविधाओं से लैश इलाके का चर्चित मसहूर अस्पताल
लक्ष्मी पाली क्लीनिक एवं अस्पताल
24 घण्टे आपात काल सेवा उपलब्ध
मेजा रोड, सिरसा मार्ग खानपुर बरी मेजा, प्रयागराज
डा. सन्तोष पटेल
निदेशक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चाँद मोहम्मद उर्फ चंदू
जिला अध्यक्ष
पसमांडा मुस्लिम (संघ भाजपा)
निवास-नगर पंचायत भारतगंज, मेजा, प्रयागराज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन मिश्रा निदेशक
राजेश्वर मिश्रा निदेशक
अतुल पाण्डेय (प्रबन्धक)
राजेश्वर इन्फ्राहाइट्स प्रा. लि.
कपुरिया, मेजा, प्रयागराज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आधुनिक सुविधाओं से युक्त यमुनापार का एक मात्र मार्डन अस्पताल
भारद्वाज हास्पिटल
24 घण्टे आपात कालीन एम्बुलेंस सुविधा एवं बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध
डा. डी.के. पाण्डेय (बब्लू सर)
बी.एच.एम.एस.
निदेशक
Mob.: 9450807093, 8705605109
भीरपुर, पुलिस चौकी के समीप,
इलाहाबाद -मिर्जापुर मार्ग, करछना, प्रयागराज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगत बहादुर पटेल
पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य
विकास खण्ड -उरुवा, प्रयागराज
निदेशक/प्रो.
माँ दुर्गा ईंट उद्योग (एमबीपी)
ग्राम पंचायत बेदौली उरुवा, मेजा, प्रयागराज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तिरंगे को शत-शत नमन
ये माँ भरोसा रखना तुम अपनी संतानो पर,
हम तिरंगा गाड़ देंगे खुले आसमानों पर
प्रेमशंकर सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अध्यक्ष
राष्ट्रीय सैनिक संस्थान पूर्वी उ.प्र.
गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट
निवास-ग्राम पंचायत, छतवा, मेजा, प्रयागराज

# समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक पाण्डेय
निदेशक
प्रयाग स्टोन वर्क्स
भटौती, मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक मात्र अस्पताल
जीवन रक्षा अस्पताल एवं अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर
24 घण्टे आपात कालीन सेवा उपलब्ध
डा.वी. पी. मिश्रा बी.ए.एम.एस.
डा. पी. के. यादव बी.ए.एम.एस.
मेजा रोड, मेजा-कोरांव मार्ग, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती मंजू देवी प्रजापति
ग्राम प्रधान
अशोक कुमार प्रजापति
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत खौर वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश तिवारी
ए. डी. ओ. आई. एस. बी./ग्रा.वि.अ.
वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती प्रतिमा यादव
क्षेत्र पंचायत सदस्य
वार्ड नं. 3 मेजा खास
अजय यादव
बीडीसी प्रतिनिधि
वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सम्पूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित मेजा रोड एक मात्र अस्पताल
गौरी देवी अस्पताल
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा एवं अल्ट्रासाउण्ड सुविधा उपलब्ध
Mob.No.9936706186
मेजा रोड, कोल्ड स्टोर के बगल कोहड़ार रोड, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरि विलास यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दरी
वि. ख. मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नमस्ते यादव (जितेन्द्र भाई जी)
महासचिव, उ.प्र. कांग्रेस कमेटी
ओबीसी विभाग 259 विधान सभा मेजा
निवास-ग्राम पंचायत दरी (अहिरन का पूरा) मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
काजी मु. मुअज्जम (पप्पू भाई जी)
ग्राम प्रधान/पूर्व जिला पंचायत सदस्य मेजा द्वितीय वार्ड नं.-63
ग्राम पंचायत -लूतर
वि. ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती गुड्डन देवी शुक्ला
ग्राम प्रधान
शिव कुमार शुक्ला
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सिड़खिड़ी वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सुनीता देवी यादव
ग्राम प्रधान
मुरारी यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत कुर्की वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सुषमा देवी विंद
ग्राम प्रधान
शैलेन्द्र कुमार विंद
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत बिसहिजन खुर्द, वि.ख.मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सोनकली यादव
ग्राम प्रधान
विजय शंकर यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत चिलबिला वि.ख.- उरुवा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गाँव का विकास ही मूल उद्देश्य
रामधारी उर्फ कल्लू विंद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मेड़रा, वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रा. पं.- चांद खम्हरिया विकास खण्ड-मेजा प्रयागराज
धर्मराज सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
राजीव कुमार मिश्रा
ग्राम पंचायत अधिकारी

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामराज यादव
मंत्री जी
ग्राम पंचायत -करदहा
वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय बहादुर सिंह
ग्राम प्रधान
गाँव के सर्वांगीण विकास ही प्राथमिकता
ग्राम पंचायत तिगजा, वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती ऊषा देवी सिंह
ग्राम प्रधान
अजीत कुमार सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
गाँव के विकास को नया आयाम देना प्राथमिकता
ग्राम पंचायत पटेहरा, वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गाँव के विकास को नई ऊचाईयों तक पहुँचाना ही जिम्मेदारी
राम जी यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भुरका वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती अर्चना सिंह
सी.डी.पी.ओ.
श्रीमती सरस्वती मैडम जी
सहायक सी.डी.पी.ओ.
उरुवा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Indane
श्रीमती सरिता राय
प्रोप.
पी. के. राय
निदेशक
मातेश्वरी इण्डेन सर्विस
सिरसा, मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सरिता सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड- मेजा
प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती गायत्री मिश्रा
ब्लाक प्रमुख
गंगा प्रसाद मिश्रा
प्रमुख प्रतिनिधि
वि.ख.-मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश सिंह
बी.ई.ओ.
डा० गोपाल कृष्ण यादव
ए.आर.पी.
बी आर सी-मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय शुक्ला
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खण्ड- मेजा
प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय विश्वकर्मा
खाद्य अधिकारी
आपूर्ति कार्यालय
मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत - शाहपुर कला
वि. ख.-मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास कुमार जायसवाल
ग्राम पंचायत अधिकारी
कुर्की जमुँआ मेड़रा
वि. ख.-मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गाँव का विकास ही जिम्मेदारी
अर्जुन सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
वि. ख.-मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम कंट्रक्सन एण्ड स्टोन वर्क्स
कुन्दन अग्रवाल
शुभम अग्रवाल
निदेशक
विशाल शुक्ला
प्रबन्धक
भटौती, मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बुन्देल खण्ड स्टोन इंडस्ट्रीज एण्ड प्रकाश दीप एसोसिएट
दीपक चौरसिया
प्रकाश गोयल
निदेशक
अनूप द्विवेदी
अजीत द्विवेदी
प्रबन्धक
भटौती, मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रयाग इन्फ्रावेंचर्स
पंकज गुप्ता
निदेशक
प्रदीप मिश्रा
प्रबन्धक
भटौती, मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य इन्फ्रास्ट्रक्चर
आशुतोष पाण्डेय
पवन तिवारी
निदेशक
दिनेश शुक्ला
प्रबन्धक
भटौती, मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संत कबीर स्टोन क्रेशर
आलोक तिवारी
अतुल तिवारी (तिवारी बन्धु)
निदेशक
सुरेश पाल
प्रबन्धक
सींकी कला, मेजा, प्रयागराज

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सी एस इन्फ्रा कांस्ट्रक्शन लि.
भटौती, मेजा, प्रयागराज
विनोद सिंह
निदेशक/प्रबंधक
संदीप सिंह
सहायक प्रबंधक

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फूल चन्द्र यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
वि.ख.- मेजा, प्रयागराज

# समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं













































# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तत्वाधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन

## कुंडा कोतवाली पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा अभियान का शुभारम्भ करते प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर एवं नेहरू युवा केंद्र कालाकांकर द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने ब्लॉक मुख्यालय कालाकांकर मे स्थापित शिला फलकम पर पंच प्रण की शपथ ली रैली का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रो रामकरन यादव, भूपेंश सिंह, प्रो इंदुरेखा सिंह, प्रो सूर्यभान सिंह, प्रो प्रदीप सिंह, प्रो विनीता सिंह, प्रो रेखा सिंह, प्रो शिव भूषण, डा0 सृष्टी, डा0 ज्योति, सर्वेश सिंह, डा0 प्रीति सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद,विजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हर घर तिरंगा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम बड़ी गर्मजोशी के साथ आयोजित किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्रों को पंच प्रण की शपथ दिलाते हुए शहीदों को याद किया गया। छात्रों ने हर घर तिरंगा रैली निकाली, जिससे समाज के लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा को आगे बढ़ाते हुए कालेज के गौरव प्रोफेसर डॉ0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र-प्राचार्य ने हर घर तिरंगा, मेरी माटी मेरा देश, गुमनाम शहीदों के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवक-आदर्श पांडे ने किया रैली में सभी प्राध्यापक प्रो0 आलोक दुबे, प्रो0 राजेन्द्र मिश्र, दिनेश त्रिपाठी, डॉ सीमा त्रिपाठी, डॉ निशांत पांडे, डॉ वाचस्पति मिश्र, डॉ अभिषेक पांडे, डॉ जितेंद्र, डॉ शैलेन्द्र सरोज, डॉ संतोष मिश्र, डॉ श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ गंगाधर मिश्र, आदि समस्त स्टॉप छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले मनाया गया। उक्त सूचना जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी ।



मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के साथ हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी के स्टाफगण।

आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के अंतर्गत मेरा माटी मेरा देश हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को कुंडा कोतवाल कमलेश पाल व इंस्पेक्टर श्याम प्रसाद पांडेय के नेतृत्व मे पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमे कुंडा नगर पंचायत चेयरमैन शिव कुमार त्रिपाठी व समाज सेवी साके सिंह व टीसीएस कोचिंग के डारेक्टर शक्ति ओझा के साथ सैकड़ो ब्यापारीगण व कोचिंग के बच्चे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में कुंडा कोतवाली से भगवन तिराहा, मेंन- चैराहा, कबरियागंज, वैष्णव कालोनी, तिलौरी मोड़ होते हुए वापस कोतवाली पहुंची तिरंगा पैदल यात्रा मे बीच बीच में जय हिन्द-जय भारत के गगन भेदी नारे से पुरा क्षेत्र गुंजयमान दिखाई दे रहा था। लोगों में पैदल तिरंगा यात्रा में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। तिरंगा पैदल यात्रा के दौरान सभी दुकानदार सभी का उत्साहवर्धन करते दिखाई दे रहे थे। समुचा नगर पंचायत मे तिरंगा ही तिरंगा दिखाई दे रहा था।

## जनपदीय चयन ट्रायल्स का आयोजन 19 अगस्त को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने बताया है कि जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के द्वारा 19 अगस्त 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे सिविल सर्विसेज जनपदीय चयन ट्रायल्स का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ किया जायेगा जिसमें विभिन्न खेलों क्रमशः टेनिस, वालीबाल, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस, कबड्डी, भारोत्तोलन एण्ड बेस्ट फिजिक, एथलेक्टिस, फुटबाल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावरलिफ्टिंग, क्रिकेट एवं हाकी सम्मिलित है। चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु विभाग द्वारा खिलाड़ी को आई0डी0 नम्बर, जन्मतिथि, विभाग का नाम जहां कार्यरत है, सेवा में आने की तिथि व वर्तमान तैनाती तिथि, सेवा का प्रकार (नियमित/दैनिक वेतन भोगी), विभाग पूर्ण सरकारी विभाग है अथवा आटोनाम्स/आगेर्नाइजेशन की पूर्ण जानकारी सहित भेजें। खिलाड़ी को फिजिकल टेस्ट में कम से कम 14 अंक प्राप्त करने होगें, इसके पश्चात ही वह खिलाड़ी स्किल टेस्ट के लिये पात्र होगा। खेलों में पुलिस विभाग व निगम तथा परिषद के अधिकारी/कर्मचारी को छोड़कर प्रदेश सरकार के अन्य सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं।

# कम्पनी बाग से स्टेडियम तक निकाली गयी अमृत कलश शोभा यात्रा

## आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी-मेरा देश अभियान के सन्दर्भ में आज नगर स्थित कम्पनी बाग से एक अमृत कलश शोभा यात्रा जनपद प्रतापगढ़ के अमर बलिदानियों के सम्मान में आयोजित की गयी जो मीरा भवन चैराहा होते हुये स्टेडियम में सभा के रूप में परिवर्तित हुई।

अमृत कलश शोभा यात्रा में प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेल्हा हरि प्रताप सिंह, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा तथा जागरण परिवार के प्रमुख रमेश यादव के नेतृत्व में निकाली गयी। अमृत कलश शोभा यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, भाजपा का वरिष्ठ नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी, ओम प्रकाश पाण्डेय, मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल, लायंस क्लब हर्ष से राजेन्द्र बहादुर सिंह, श्याम शकर श्यामजी, आशुतोष त्रिपाठी, क्षितिज श्रीवास्तव, लायंस क्लब शक्ति की अध्यक्ष अनीता पाण्डेय, लायन्स क्लब गौरव से पीयूषकान्त शर्मा, ज्योतिषाचार्य पंडित आलोक मिश्र, ट्रान्सपोर्ट के अध्यक्ष विजय सिंह, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता, साहित्यकार, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, स्कूल कालेज के शिक्षक/शिक्षिकायें, छात्र-छात्रायें एवं नगर के गणमान्य व्यक्ति, मीडिया प्रतिनिधि आदि ने भाग लिया। अमृत कलश शोभा यात्रा की समाप्ति के उपरान्त स्टेडियम में सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह आदि ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी जनमानस का आवाहन किया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सभी नागरिकगण अपने-अपने घरों पर तिरंगा (राष्ट्रीय ध्वज) लगाएं।

# घर जमाई को ससुराल में कभी नहीं मिलता सम्मान

## सती प्रसंग पर रोचक वर्णन किया आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास ने

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के स्टेशन रोड पर शिवम लाज में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास ने सती प्रसंग का रोचक वर्णन करते हुए कहा कि राजा दक्ष प्रजापति के 60 पुत्रियों में एक पुत्री सती का विवाह भोले शंकर भगवान से हुआ था लेकिन अहंकार का डूबा दक्ष प्रजापति चाहता था कि भगवान शंकर उनके घर में घर जमाई के रुप़ में रहें।

उन्होंने कहा कि भोले शंकर ने कैलाश पर्वत पर जाने का निर्णय किया और उनके साथ उनकी पत्नी सती (पार्वती) भी जाने को तैयार हुई तो राजा दक्ष ने बहुत सारी अडचनें डाला और भगवान भोले शंकर का अपमान भी किया लेकिन भगवान भोले शंकर सती को लेकर चले गये। व्यास जी ने कहा कि घर जमाई को कभी ससुराल में सम्मान नहीं मिलता है इसलिये कभी भी पत्नी को लेकर ससुराल में नहीं रहना चाहिये। इसके अलावा ध्रुव प्रसंग में ध्रुव को भगवान की प्राप्ति की भी कथा सुनाई। इस संगीतमयी कथा में व्यास जी का सहयोग देने वालों में पंडित राम प्रकाश पाण्डेय शास्त्री व पंडित विनोद पाण्डेय शास्त्री, पंडित जमुना प्रसाद व रविशंकर मिश्र रहे। कथा में अवकाश प्राप्त एबीएसए श्रीराम मिश्र, तिलक कालेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी, अवकाश प्राप्त बैंक कर्मी गिरजाशंकर मिश्र के अलावा अमरनाथ त्रिपाठी, डा0 संजय मिश्रा, अशोक कुमार मिश्रा, डा0 अनुराग मिश्रा के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। यजमान आशा मिश्रा के परिजन कंचन मिश्रा, नीलम मिश्रा, श्वेता मिश्रा, दीपिका मिश्रा आदि ने व्यवस्था में सक्रियता दिखाई।



भागवत कथा कहते आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास।

# सांस्कृतिक दृष्टि से सशक्त और समृद्ध राष्ट्रः डा0 सौरभ

## पीबीपीजी कालेज में अखण्ड भारत संकल्प दिवस का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतापगढ़ के महाविद्यालयीन विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस का आयोजन प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचार प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने की।

इस अवसर पर जिला संघचालक से चिंतामणि द्विवेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता डॉ सौरभ पांडेय ने कहा कि भारत सांस्कृतिक दृष्टि से सशक्त और समृद्ध राष्ट्र है द्यएक समय था जब भारत की सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमा विश्व के विस्तृत भूभाग में फैली थी। परिस्थितियों के चलते भौगोलिक सीमा में परिवर्तन हुआ। धीरे-धीरे विदेशी आक्रांताओं के प्रभाव के कारण अनेक प्रकार के सामाजिक परिवर्तन हुएद्य समय परिवर्तन के साथ हम आत्मविस्मृति में चले गए और अपने गौरवशाली अतीत को भूल गए। आज का दिन ह्लस्वह्ल के जागरण और उसके संकल्प का दिवस है। आज इस बात का स्मरण करें कि हमारा एक गौरवशाली, वीरता से भरा हुआ, समृद्ध, स्वाभिमान युक्त, पूरे विश्व को दिशा देने वाला इतिहास है। भारत में 1947 को स्वाधीनता प्राप्त होने के पश्चात 75 वर्षों की यात्रा में देश का गौरव और आत्मविश्वास बढ़ा है। आज सांस्कृतिक और सामरिक दृष्टि से भारत पूरे विश्व में सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारतवर्ष को धीरे-धीरे कई बार विखंडित किया गया। 1947 में देश का विभाजन भारत और पाकिस्तान के रूप में किया गया और प्रयास किया गया कि भारत पूरी तरह से विखंडित हो जाए लेकिन सरदार पटेल ने अपने बुद्धिमता का परिचय देते हुए भारत को वर्तमान स्वरूप प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। जिला संघचालक चिंतामणि द्विवेदी ने कहा कि भारत हमारी माता है और यहां पर रहने वाले सभी लोग हमारे बंधु हैं। हम सबको राष्ट्र की एकता अखंडता और संप्रभुता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर आरंभ में अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सह महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख शिवम पांडेय ने किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, प्रांत सह मंत्री सुधांशु रंजन मिश्र, कोषाध्यक्ष डॉ अजीत प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री अमित देव, सह नगर कार्यवाह सर्वोत्तम, डॉ चेत प्रकाश पांडेय, डॉक्टर ब्रह्मानंद प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।




पीबीपीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

# प्रतापगढ़ शहर को नगर पालिका ने तिरंगे से सजाया

## पार्कों और चौराहों पर तिरंगा लहराया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** घर-घर तिरंगा लगाने के अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा शहर के सभी पार्कों, सड़क के किनारे खंभों पर तिरंगा लहराने के लिये नगर पालिका कर्मचारी आज दिन भर जुटे रहे। नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने 13 अगस्त को ही सभी वार्डों के सभासदों को 200 से 500 तिरंगा अपने-अपने वार्डों में लगाने के लिये मुहैया कराया था।

आज नगर पालिका के कर्मचारी शहर के सभी चैराहों पर लगी मूर्तियों की धुलाई, सफाई करने के बाद उस पर तिरंगा फहराया। इसके अलावा मुख्य सड़कों के किनारे लगे खंभों पर तिरंगा लगा दिया गया है। इस तरह पूरे शहर को तिरंगामय करने का प्रयास किया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह न अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देशन में सोमवार की रात पूरे शहर की सफाई कर सभी सार्वजनिक स्थानों पर चूने का छिड़काव मंगलवार की सुबह किया जाएगा।



नगर के चौराहों पर तिरंगा लगाते नगर पालिका कर्मी।।

# देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में करें सहयोगः सांसद

## राष्ट्रीय संघटक ने दिलाया पंचप्रण का संकल्प

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता ने युवाओं का आवाहन किया कि वे अमर बलिदानियों के त्याग से प्रेरणा लेकर देश की एकता व अखंडता की मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें। सांसद आज नेहरू युवा केंद्र द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव-मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत राजकीय आईटीआई प्रतापगढ़ में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में सर्वप्रथम संगम लाल गुप्ता ने भाजपा के राष्ट्रीय संघठक बी सतीश भाई, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के साथ परिसर में वृक्षारोपण किया तथा अमर बलिदानियों के घर आंगन से लाई गई मिट्टी को पौधो की जड़ों में डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय संघठक ने उपस्थित जन समूह को पंच प्रण विकसित भारत, गुलामी को हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व करना ,एकता और एक जुटता, तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प दिलाया, इस अवसर पर सांसद, राष्ट्रीय संघठक, जिला अध्यक्ष, सदर विधायक ने अमर बलदानियों के आंगन की घर आंगन से लाई गई मिट्टी को अमृत कलश में डाला। उपनिदेशक समर बहादुर सिंह, समाजसेवी रोशन लाल उमर वैश्य, आईटीआई के प्राचार्य बीबी सिंह शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, पर्यावरण सेना के प्रमुख अजय क्रांतिकारी जिला युवा कल्याण अधिकारी के के सिंह परमानंद मिश्र एडवोकेट नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय मिश्र ग्राम प्रधान रायचनुपुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह, दीपक राज्य प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह आईटीआई के शशांक शुक्ला कर्मराज सिंह, अभिषेक पटेल उर्मिला पाल तथा आईटीआई से तमाम छात्र-छात्राएं अमर बलिदानियों के घर आंगन से लाई गई मिट्टी का अमृत कलश में डाला। प्रारंभ में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा आईटीआई के प्रचार्य बी0बी0 सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालक शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय व नेहरू युवा केंद्र लेखाकार विनय कुमार मिश्रा ने किया।



पंचप्रण का संकल्प लेते सांसद, विधायक।

# कालाकांकर में गांधीजी ने जलाई थी विदेशी बस्त्रो की होली

## विदेशी वस्त्र हटाओ खादी अपनाओ का गुंजा था नारा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** देश की आजादी के आंदोलन में प्रतापगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान था। जिले के कालाकांकर के राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा विदेशी बस्त्रो की होली जलाई गई थी।और विदेशी वस्त्र हटाओ खाद अपनाओ का नारा यही गुंजायमान हुआ था। सत्य व अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 14 नवम्बर 1929 को कालाकांकर से ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था और अग्रेजो को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी संयुक्त प्रान्त में खादी के लिए दौरा अभियान के तहत शाहजहांपुर होते हुए प्रतापगढ़ पहुचे थे। और 14 नवम्बर 1929 को कालाकांकर के तत्कालीन राजा अवधेश सिंह के संयोजकत्व में यही बापू ने विदेशी बस्त्रो की होली जलाते हुए इन बस्त्रो के बहिष्कार का नारा देते हुए लोगों को स्वदेशी खादी वस्त्र पहनने के लिए प्रेरित किया था। उस समय कालाकांकर में करीब 60 हजार रुपये की कीमत के विदेशी वस्त्र जलाए गए थे। बापू ने लोगो को विदेशी सामानों के बहिष्कार व स्वदेशी का जज्बा जगाने के लिये विदेशी बस्त्र हटाओ स्वदेशी खड़ी अपनाओ का नारा दिया था। देश मे किसान आंदोलन की शुरूआत 1920 में हो चुकी थी जिसमे प्रतापगढ़ ने अग्रणी भूमिका निभाई थी बिट्रिश हुकूमत से तंग आकर जुल्म के खिलाफ जहां एक ओर किसान आंदोलन चल रहा था वही दूसरी ओर महात्मा गांधी ने विदेशी बस्त्रो के खिलाफ जंग छेड़ दी थी। राष्ट्रपिता गांधी ने 1929 में खादी के लिए एक अभियान चलाया इसके तहत संयुक्त प्रान्त के 29 जिलों में 11 सितम्बर से 24 नवम्बर तक अभियान चलाया गया था।

जिले के लोकतंत्र रक्षक सेनानी आचार्य ओम प्रकाश पांडेय बताते है कि गांधी जी शाहजहां पुर के सीधे कालाकांकर आये थे और यहां तीन दिनों तक रुककर उन्होंने लोगो को विदेशी बस्तुओ के बहिष्कार व स्वदेशी अपनाने का मंत्र दिया था। इसी के तहत 14 नवम्बर 1929 को कालाकांकर राजघराने के तत्कालीन राजा अवधेश सिंह के आयोजन में बापू ने विदेशी बस्त्रो की होली जलाई थी इस दौरान राजघराने के साथ काफी संख्या में जागरूक लोग भी आगे आये थे। कालाकांकर में बापू द्वारा जलाई गई इस होली में ताजपुर की चिमनी का प्रयोग हुआ था। ताजपुर से इसे काफी मशक्कत से कालाकांकर लाया गया था। इस दौरान कालाकांकर नरेश खुद भी खादी के वस्त्र पहने हुए थे। राजा अवधेश सिंह के साथ गांधी जी को देखने के लिए लोगो की भारी भीड़ खादी के कपड़े पहनकर आयी हुई थी। वहां पर काफी मात्रा में विदेशी वस्त्र एकत्र किए गए और चिमनी की आग निकलते ही हर तरफ विदेशी वस्त्र हटाओ खादी अपनाओ के नारे गूँजने लगे थे।

## छात्र/छात्राएं 10 अक्टूबर तक करें आनलाइन आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 9-10) की कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों को मास्टर डाटाबेस तैयार करने, छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन से छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि छात्रवृत्ति हेतु कक्षा 9-10 के छात्र/छात्रायें 10 अगस्त से 10 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। 14 अगस्त से 17 अक्टूबर तक छात्र/छात्रा द्वारा आनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान किया जायेगा एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का डाटा निरस्त तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। 01 नवम्बर से 20 दिसम्बर 2023 तक जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा शुद्ध एवं संदेहास्पद डाटा के सम्बन्ध में निर्णय लिया जाना एवं छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृति करना तथा जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी के डिजिटल सिग्नेचर से शुद्ध डाटा लॉक किया जायेगा।

उन्होने यह भी बताया कि 07 अगस्त से 08 सितम्बर 2023 तक प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने लिये आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही, जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायें) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर/अपलोड करके प्रमाणित किया जायेगा। 08 अगस्त से 15 सितम्बर 2023 तक सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उनकी अधिकारिता में आने वाले समस्त विद्यालयों को मान्यता एवं स्वीकृत सीटों की संख्या की प्रमाणिकता को शत-प्रतिशत आनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित किया जायेगा।

# कौशाम्बी संदेश

## समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




















































































# दबंगों की पिटाई से घायल दलित की इलाज के दौरान मौत

## काफी देर तक आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते बुझाते रहे अधिकारी बड़ी मुश्किल के बाद खत्म हुआ जाम

### सड़क पर शव रखकर आक्रोशित ग्रामीणों ने घण्टो किया चक्का जाम

**अखंड भारत संदेश**

**चायल/कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के शेरगढ़ गांव में 9 अगस्त की रात पर्वत रैदास उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र मलखान को लाठियों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था और आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली थी लेकिन बाद में छोड़ दिया ।

